तापमान

अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024



10 लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस मनाया



10 आसाराम के 87 वें अवतरण दिवस पर बांटी शर्बत और चने















**आयोग की पहल :** मतदाता जागरुकता के लिए निजी अस्पतालों की भागीदारी

# वोटिंग की स्याही दिखाने पर डॉक्टर नहीं लेंगे फीस, मिलेगी 25% छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित करने हेतु स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, मित्तल हॉस्पिटल, पल्स अस्पताल भिलाई एवं एसआर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चिखली द्वारा एक अभिनव पहल की जा रही है। जिसके तहत वोटिंग के बाद अंगुली में लगे स्याही की छाप दिखाने पर ओपीडी की जांच में पच्चीस फीसदी छूट मिलेगी, वही डाक्टर फीस भी नही लेगें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी को अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने पहल के संबंध में पत्र सौंपे गये है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतदाता जागरूकता हेतु निजी अस्पतालों की भागीदारी का सराहना करते हुए अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत तृतीय चरण में 7 मई को मतदान संपन्न होगा। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रोत्साहित करना भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**इस लोकसभा चुनाव में ट्विनसिटी के निजी अस्पतालों ने की पहल**




### मित्तल में 50 फीसदी छूट

मित्तल अस्पताल भिलाई में 7 मई (मंगलवार) को मतदान के पश्चात जो व्यक्ति की ओ.पी.डी. में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओ.पी.डी. जॉचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 8 से 11 मई (बुधवार से शनिवार) तक ओ.डी.डी. में आये व्यक्ति को अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओ.पी.डी. परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 7 मई को मतदान के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति से 7 मई का रूम रेंट नहीं लिया जायेगा।

### ओपीडी जांच में 30% राहत

एसआर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चिखली में 7 मई को मतदान के पश्चात जो व्यक्ति अस्पताल की ओ.पी.डी. में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाएगा उस दिन निःशुल्क ओ.पी.डी. परामर्श दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओ.पी.डी. जाँचों में अस्पताल की दर पर 30 प्रतिशत की छूट दी जायेंगी। 8 से 12 मई (बुधवार से रविवार) तक ओ.पी.डी. में आये व्यक्ति अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी परामर्श में 60 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 7 मई (मंगलवार) को मतदान के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति से 7 मई का रूम रेंट नहीं लिया जाएगा।

### परामर्श में भी पचास फीसदी की छूट

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल भिलाई में 07 मई 2024 (मंगलवार) को मतदान के पश्चात जो व्यक्ति की ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा, उसे उस दिन निःशुल्क ओपीडी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जांचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 से 12 मई (बुधवार से रविवार) तक ओपीडी में आए व्यक्ति को उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओ.पी.डी. परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वही 7 मई (मंगलवार) को मतदान के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो अपने उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति से 7 मई का रूम रेंट नहीं लिया जाएगा।

### पल्स अस्पताल में मरीजों से रूम रेंट नहीं लेंगे

पल्स अस्पताल भिलाई में 7 मई को मतदान के पश्चात जो व्यक्ति अस्पताल की ओ.पी.डी. में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आकर अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन निःशुल्क ओ.पी.डी. परामर्श दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओ.पी.डी. जाँचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 8 मई को ओ.पी.डी. में आये व्यक्ति को अपनी उगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 7 मई (मंगलवार) को मतदान के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो अपनी ऊँगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस व्यक्ति से 7 मई का रूम रेंट नहीं लिया जाएगा।

**अमेजन से खरीदा गया था पर्दा**

# ऑनलाइन खरीदारी की, 92 हजार ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि कदम कैपिटल हाउस नंबर 44 अंजोरा दुर्ग जगजीत सिंह ने अमेजन शापिंग मे परदा का आर्डर किया था। आर्डर मिलने के बाद परदा खोलकर देखने पर परदा पसंद नहीं आया। अमेजन शापिंग को परदा लौटा दिया। 25 अप्रैल पीडित के मोबाइल पर परदा का पैसा वापस नहीं होने की जानकारी अज्ञात मोबाइल धारक को दिया। तब उक्त मोबाईल धारक ने पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजा जिसे ओपन करने पर दो अलग-अलग खातों से 4 बार मे 92 हजार 992 पार हो गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। पीड़ित ने परदा का आर्डर 6 अप्रैल को ऑनलाइन किया था। परदा 1999 रुपए का था, परदा अमेजन के माध्यम से ऑनलाइन बुक कराया गया था। पीड़ित को परदा पसंद नहीं आने पर डिलवरी करने वाले के माध्यम से लौटा दिया गया। आनलाईन पैसा वापस करने के लिये डिलवरी करने वाले ने खाते में रुपए आने की बात कही थी। 19 दिन बीतने के बाद अज्ञात मोबाइल धारक ने फोन कर झासें में लेकर रुपए पार कर लिया।

- पुलगांव थाना क्षेत्र की घटना, जुर्म दर्ज

## वाट्सअप से डीपी हटाया तो मनचले युवकों ने पिता पर किया हमला

**भिलाई।** मनचले युवकों ने प्राणघातक हमला कर फरार होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 33 हुडको क्वाटर बैकुंठधाम निवासी जयप्रकाश चौहान ने रोजी मजदूरी का काम करता है। कुछ युवक उसकी बेटी के साथ काफी समय से छेड़छाड़ करते आ रहे हैं। बुधवार की शाम को युवक उसकी बेटी का फोटो मोबाइल में एक दूसरे को दिखा रहे थे। पिता ने युवकों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद पिता घर गया और बेटी के वॉट्सऐप की डीपी से फोटो हटा दिया। युवकों को फटकार लगाते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि मोबाइल से उसकी बेटी की फोटो को हटा दो। इतने में बदमाश मनचले युवकों ने कटर से जय प्रकाश चौहान पर हमला किया। घटना में सिर फट गया। जय प्रकाश के सिर पर कई टांके लगे है। हमला के बाद से आरोपी युवक फरार है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ा गया

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने आबाकरी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कपसदा निवासी रमेश डहरिया को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 50 पौवा देशी अवैध शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 5500 रुपए आंकी गई है।

### प्राणघातक हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शासकीय अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए एक व्यक्ति को लाया गया था। सूचना मिलने पर सपुेला पुलिस अस्पताल पहुची। लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी ओमप्रकाश राय शास्त्री अस्पताल के बाद निजी अस्पताल सुपेला रेफर किया गया है। ओमप्रकाश राय ने पुलिस को बयान दिया कि दमाद चन्द्रभूषण सिंह शराब पीकर विवाद करता है। बेटी 2 दिन से अपने मायके आई हुई है। चन्दूभषण सिंह अपने एक दोस्त के साथ घर आकर अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। तभी ससुर ओमप्रकाश राय के समझाने पर एयर गन से चेहरे के पास फायर किया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पांच रास्ता निवासी रोशन निषाद को गिरफ्तार किया है। उसका दोस्त चंद्रभूषण सिंह अब भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई थी। जिसमें एयरगन चलाने वाले चंद्रभूषण सिंह के दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन गोली चलाने वाला चंद्रभूषण पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जिसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है।

## मतदान केंद्रों का आयुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा आयुक्त डी.एस. राजपूत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर तैयारियों का जायज़ा लिया। भिलाई-चरोदा कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर हिदायत भी दिया है। इस दौरान आयुक्त राजपूत ने दायित्व मिले अधिकारियों और कर्मचारियों से जानाकारी भी लिया। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा 7 मई को होने वाले मतदान के विषय में आवश्यक मापदण्ड तय किये गये हैं। इन सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी तथा साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था बेहतर करने निर्देश दिए गए है। जिससे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, मुकेश चन्द्राकर, विक्टर वर्मा, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### लोगों को किया जागरूक

भिलाई-चरोदा निगम प्रशासन द्वारा मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए विभिन्नआयोजन कर शत्-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दुर्ग से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदाता का मताधिकार सुनश्चिति किये जाने जागरूकता अभियान चलाकर प्रचार और प्रसार किया जा रहा हैं। इसे सफल करने रैली बैनर-पोस्टर सहित अन्य माध्यमो का उपयोग कर मतदान के प्रति जन जागरण का अभियान चलाया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विशाल रैली निकालकर स्थानीय मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान प्रदान करने प्रेरित करने का कार्य कर रहें है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**भिलाई।** अधेड़ ने पेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पंचनामा किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शांति पारा भिलाई 3 निवासी जाकिर अली 55 वर्ष ने सोमनी नाले के पास लगे पेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मृतक एनएसपीसीएल पुरैना भिलाई-3 में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत था। अपने घर से 24 अप्रैल को ड्यूटी जाने के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। सूचना मिली कि जाकिर ने एनएसपीसीएल सोमनी रोड के पास पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है।

## कुम्हारी-सरोना में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, ज्यादा ट्रेनें चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ने सिग्नल और दूरसंचार के लिए ऑटो सिग्नलिंग से अधिक ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है। पहले जहॉ दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी।

अब ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार 4 ,5 ,6 ट्रेने भी आ सकती है। ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा देती है। वर्तमान में बिना नई लाईन का निर्माण करे सेक्शन की क्षमता बढाने का यह बेहतर उपाए है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने मे ऑटो सिग्नलिंग मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा कर रहा है। जिसमें 14 किलोमीटर आटो सिग्नलिंग काम को पूरा किया है। कुम्हारी से सरोना (7 केमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (7 केमी) को ऑटो सिग्नल मे बदला गया है। इस कार्य के सम्पन्न होने से नागपुर से सरोना तक ऑटो सिग्नलिंग पुर्ण हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह मे पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर काफी हद तक विराम लगा सकता है।इस व्यवस्था से एक ब्लॉक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही तैयार की जा रही है।




- प्रमुख जक्शन के ट्रैफिक को नियंत्रित भी करेगा


**सात दिनों बाद ही मिल पाएगी मुक्ति, चंद्रा-मौर्या चौक पर चालकों को हो रही परेशानी**

# फ्लाईओवर का बदल रहे बेयरिंग, रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चंद्रा-मौर्या फ्लाई ओवरब्रिज में 21-26 नंबर के पिल्लर में बेयरिंग बदलने और संधारण का काम चलने से रायपुर से दुर्ग दिशा वाली सड़क बंद किया गया है।

आवश्यक संधारण कार्य होने से इसे बंद कर दिया गया है। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्ग की ओर जाने वाली सभी तरह की वाहन नीचे सर्विस रोड से होकर निकल रही है। इससे ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने से दोपहर व शाम ढलने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। सुपेला से चन्द्रा-मौर्या चौक को जोड़ते हुए बने फ्लाईओवर में संधारण काम भी शुरु हो चुका है जो सात दिन तक चलेगा। फ्लाईओवर बन जाने के बाद भारी वाहन यहां से गुजर रहे थे। वहीं स्थानीय हल्के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क का इस्तेमाल होने से ट्रैफिक व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन फ्लाईओवर के एक तरफ का रास्ता संधारण काम व बेयरिंग बदलने के कारण बंद किया गया है। जिससे वाहन चालको को दिक्कत हो रही है। पावर हाउस, खुर्सीपार और भिलाई तीन के स्थानीय हल्के वाहन चालकों को सुपेला, दुर्ग पहुंचने में घंटे लग रहें है। एक तरफ से बंद फ्लाईओवर के चलते सभी तरह के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क से गुजरना पड़ रहा है।



### गलत दिशा का इस्तेमाल

रायपुर से दुर्ग की दिशा में शाम से लेकर देर रात तक लगने वाले जाम से बचने अनेक कार व बाइक चालक गलत दिशा से होकर गुजर रहें है। दुर्ग से रायपुर की दिशा वाली सड़क पर पावर हाउस से होकर सुपेला की ओर से निकल रहें है। इसी तरह आटो चालक भी अपनी मर्जी के मालिक बन गए है। इसके चलते वाहनों के बीच आमने सामने भिडंत की आशंका बढ़ गई है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस लोगों को गलत दिशा से आवाजाही न करने के प्रति सड़क पर तैनात होकर जागरुक कर रही है। लेकिन जाम में घंटों फंसे रहने से बचने स्थानीय वाहन चालक पावर हाउस से सुपेला की ओर गलत दिशा की सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने किया निरीक्षण

फ्लाई ओवर ब्रिज में चल रहे काम का निरीक्षण करने ट्रैफिक पुलिस की टीम पहुची थी। इसके बाद टीम काम पूरा होने में सप्ताह भर का समय लगने की बात कही है। तब तक रायपुर से दुर्ग की दिशा में फ्लाईओवर बंद रहेगा। इससे नीचे वाली सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने का प्रयास ट्रैफिक पुलिस कर रही है। हादसों को रोकने के लिए सुपेला चौक, चन्द्रा-मौर्या चौक, साक्षरता चौक के पास पर्याप्त बल लगाया गया है।



### जारी है संधारण का काम

सात दिनों तक फ्लाई ओवरब्रिज का काम चलेगा। उसके बाद पहले की तरह ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरु हो जाएगी। ब्रिज बंद होने के कारण वाहन चालक अपने दिशा पर ही चले। संधारण का काम चल रहा है। **-सतीश ठाकुर,** डीएसपी ट्रैफिक

### गंदगी फैलाने वाले से निगम ने ठोंका जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई की टीम क्षेत्र में नियम विरुद्ध कार्य अथवा निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है । जोन 2 एवं 4 के टीम ने कचरा फेंकने वाले तथा गंदगी फैलाने वाले से 11000 रुपए दाण्डिक शुल्क वसूल किया है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम प्रशासन की टीम क्षेत्र में होने वाले नियम विरुद्ध कार्य पर निगरानी रख रही है जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पीडीएस भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### गंभीर पेट दर्द से पीड़ित व्यक्ति की हुई सर्जरी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीज शंकर लाल देवांगन निवासी मरोदा भिलाई दुर्ग विगत पांच दिनों से गंभीर पेट दर्द की तकलीफ से जुझ रहा था। मरीज आस-पास के क्लीनिक में ईलाज करवा रहा था फिर भी तकलीफ बढ़ती जा रही थी। अंत में जिला अस्पताल दुर्ग में गंभीर अवस्था में 21 अप्रैल 2024 को लाया गया। मरीज को प्राथमिक उपचार करने के पश्चात विशेषज्ञों को पता लगा कि मरीज की आंत फट गया है। सर्जरी विशेषज्ञ एच.ओ.डी. डॉ. सरिता मिंज ने तुरंत ऑपरेशन करने का फैसला किया तथा आपातकालीन में रात्रि को मरीज को ऑपरेशन थियेटर में लिया गया। ओ.टी. इंचार्ज तथा एनेस्थेसिया एच.ओ.डी के द्वारा मरीज को बेहोशी दी गई तथा सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. सरिता मिंज एवं डॉ. कामेन्द्र ठाकुर के द्वारा तीन घंटे तक जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। ऑपरेशन के पश्चात डॉ. अनिल विवेक सिन्हा के मार्गदर्शन में आई.सी.यू. में ईलाज किया गया। ओ.टी. टीम में रमेश महिलांगे, शैनी, मयूरी, नजरीन, शिबेनदानी का योगदान रहा।

### ब्रह्माकुमारीज केलाबाड़ी में समर कैंप 1 से

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग के संयोजन में कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास लिए 1 से 3 मई तक प्रातः 8 से 10 तक त्रिदिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनूठा है। जिसमें सांगितिक व्यायाम, पेन्टिंग, मूल्य आधारित खेल, एकाग्रता में वृद्धि हेतु ध्यान पद्धति, प्रेरणादायक व्याख्यान एवं चरित्र निर्माण सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में किया जा रहा है। शिविर में विद्यार्थियों को विद्यालयीन वेशभूषा में शामिल होना होगा । उक्त समर कैंप में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर ब्रह्माकुमारीज के राजऋषि भवन केलाबाड़ी जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि 30 अप्रैल है ।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर की लगाई गई ड्यूटी

**दुर्ग।** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविन्द कुमार एक्का के निर्देशन में विस दुर्ग शहर-64 के निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दिवस को एनकोर साफ्टवेयर एवं अन्य कम्प्यूटर कार्यो के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर नितेश कुमार गुप्ता की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

## निधन

### ललित वाघेला

**दुर्ग।** वर्धमान हाईट्स गंजपारा



निवासी ललित भाई वाघेला का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे कांग्रेस नेत्री व समाजसेविका संगीता बेन वाघेला के पति थे।

# फोन और वीडियो कालिंग से 1295 वोटरों से कह चुके "घर आ जा संगी"

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले से अन्य राज्यों व अन्य जिले में मजदूरी करने गए प्रवासियों से जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी सात मई को वोटिंग के दिन पहुंचने की मिन्नते कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा इसके लिए घर आ जा संगी शीर्षक के तहत मार्मिक अभियान छेड दिया गया है। जिले से पलायन कर चुके 1309 प्रवासी में से करीब 1295 से वीडियों और फोन से बात किए जाने के बाद वे वापस लौटने की सहमति भी दे दिए है।

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करवाने हेतु विविध पहल किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला दुर्ग से पलायन किये हुए मतदाताओं को मतदान दिवस 07 मई 2024 को घर आकर अपने मतदान केन्द्र में मतदान करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बी.के. दुबे ने बताया कि, इस हेतु 'घर आ जा संगी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना में 03 जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन तथा 07 नगरीय परिषद एवं नगर पंचायत कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा, जामुल, धमधा, पाटन, उत्तई के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से पलायन कर दूसरे जिले एवं राज्य में कार्य कर रहे मजदूरों से फोन एवं वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु अपने गांव घर आने आग्रह किया जा रहा है। अभी तक जिले में 1309 पलायन मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिले से 1295 पलायन मतदाताओं ने मतदान दिवस गांव घर आ कर मतदान करने हेतु अपनी सहमति दी है।

## पलायन करने वाले वोट डालने आएंगे अपने घर, अब तक 1295 ने दी अपनी सहमति

**खास बातें**

- आगामी सात मई को होना है जिले में मतदान
- वोटिंग प्रतिशत बढाने जिला प्रशासन ने झोंकी ताकत
- लगातार चल रहा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान

### यहां से गए इतने प्रवासी

जनपद पंचायत दुर्ग से 45, जनपद पंचायत धमधा से 583, जनपद पंचायत पाटन से 514, नगर पालिका परिषद कुम्हारी से 38, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर से 18, नगर पालिका परिषद अहिवारा से 37, नगर पंचायत पाटन से 51 और नगर पंचायत उतई से 9 मजदूरों ने मतदान करने की सहमति दी है। इसके लिए जिला प्रशास द्वारा कर्मचारियें की नियुक्ति की गई है, जो लगातार मतदाताओं से संपर्क साधे हुए है।



### वैवाहिक सीजन भी बन रही बाधा

इस लोकसभा चुनाव में न सिर्फ मतदाताओं के प्रवासी होना कारण बन रहा है। बल्कि वैवाहिक सीजन भी चलने के कारण मतदाता अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए है। हांलाकि दुर्ग में तीसरे चरण का चुनाव होने के चलते उस दौरान कम विवाह होने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन विवाह के कारण भी मतदान प्रभावित होगा। ऐसे में प्रशासन को पहले कन्यादान फिर बाकी काम संबंधित अभियान चलाना होगा।

## तैयारियां : आगामी सात मई को जिले में तीसरे चरण का होगा चुनाव

# चुनाव कराने साढ़े तीन सौ बसें और दो सौ छोटे वाहनों का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग द्वारा जिले के साढे पांच सौ बसे और छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका हैं। आगामी सात मई को चुनाव के लिए अभी से ही अधिग्रहित किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके चलते सडको पर बसों का टोटा हो गया है। वही वैवाहिक सीजन के चलते दूसरी तरफ बसे एकदम कम हो गई है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

मिली जानकारी अनुसार सात मई को जिले मे मतदान होना है। इसके लिए शुरूआती दौर में केनद्रिय रिजर्व बल के लिए बसों की जरूतर होगी। इसके आलावा बूथ में ड्यूटीरत कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए बसों का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि, चुनाव के लिए साढे तीन सौ बसे अधिग्रहित की जाएगी, इसके आलावा करीब दौ सौ छोटे वाहन आब्जर्वर सहित अन्य उच्च अधिकारियों के लिए जाएंगे। उल्लेखनीय हैं कि, वर्तमान में लगातार वैवाहिक आयोजन भी हो रहे है। जिसके चलते बारात के लिए लगातार बसों की मांग बढने लगी है। उपर से चुनाव के कारण भी बसों की डिमांड बनी हुई है। ऐसे में लोगों को अपने साधन से ही सफर करने मजबूर होना पडेगा।


## दस दिन पहले ही सड़कों से बसें गायब, यात्री हो रहे हालाकान, भटकने को हो गए मजबूर

**खास बातें**

- चुनाव और वैवाहिक सीजन के चलते बढी मुश्किलें
- दूसरे चरण के चुनाव के बाद तीसरे चरण की तैयारी
- दुर्ग सहित संभाग में बसों का सड़कों पर बना टोटा



दुर्ग। नया बस स्टैंड में सफर के लिए जद्दोजहद करते यात्री।



### शाह की सभा में भी सैकड़ों बसें रवाना

बेमेतरा जिले में शुक्रवार को केन्द्रिय गृहमंत्री अमित शाह ने सभा किया। इसके लिए संभाग से पांच सौ बसे वहां भेजने की जानकारी सामने आई है। जिसके चलते शुक्रवार को यात्रियों को परेशान होना पडा। ऐसे में राजनांदगांव, बालोद, महासमुंद, भानुप्रतापपुर सहित अन्य जिलो में यात्रा करने वाले लोगों को परेशान होता देखा गया। हांलाकि सडक में गिनी चुनी बसे थी, जिसमें यात्रियों को ठूसठूस कर भरा गया था।

### नया बस स्टैंड में भटकते रहे यात्री

शुक्रवार को बसों का टोटा होने के चलते यात्री परेशान होते रहे। कई महिलाओं गोद में बच्चों को लेकर भीषण धूप में भटकते नजर आए। वे लगातार बसों की जानकारी लेने इधर से उधर हो रहे थे। ऐसे में कई आटो चालक दूर की सफर करने राजी भी हुए। लेकिन अधिक किराया लेने के चलते मजबूरीवश यात्री सफर के लिए तैयार भी हुए। इस तरह की स्थिति आगामी दिनों भी बनी रहने की आशंका है।

### करोड़ों की सिटी बसें हो गई गायब

राज्य शासन द्वारा यात्रियों को सस्ते दर पर सफर कराने के लिए करोडों रूपए की 70 सिटी बसों के संचालन की प्लानिंग थी। लेकिन मुश्किल दौर में सडक पर एक भी बसे नही दिख रही है। चुनाव और शादियों के दौर में सिटी बस विकल्प के रूप में मिल सकती थी। लेकिन प्रशासनिक लचर रवैय्या के चलते संचालक की रूपरेखा तहस-नहस हो गई।

**जरूरत होगी**

आगामी सात मई को जिले में मतदान होना है। इसके लिए करीब साढे तीन सौ बसे और दो सौ छोटे वाहनों को अधिग्रहित कर लिया गया है।

**-विष्णु ठाकुर,** निरीक्षक, परिवहन विभाग दुर्ग

# लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे तथा पवन बडजात्य छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्वक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्वारा लघु उद्योग भारती की स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। लघु उद्योग भारती की स्थापना के उद्देश्यों को संबोधित करते हुए उद्यमियों एवं अन्य कुटीर उद्यमियों को इसमें शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उद्यमियों व्यापारियों समाजसेवी संगठनों एवं अन्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, विशेष रूप से एवं प्रमुखता से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा दुर्ग जिला सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सॉखला, नेमी भंडारी, मांगीलाल सोनी, आकाश पारख, महावीर लोढ़ा, नवनीत जैन, राजमल बोथरा,मनीष लोढ़ा, दिनेश भाई शाह,भैरु बाघमार एवम दुर्ग जिला ज्वेलरी मेकिंग कारीगर संघ के सदस्य भी शामिल रहे।

### नोटा में सर्वोत्तम विकल्प की होगी चूक

इस अवसर पर एवं आगामी मतदान को ध्यान में रखते हुए तथा संघ प्रमुख द्वारा सितम्बर में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय 'भविष्य का भारतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण, व्याख्यान माला के अंतिम दिन लोगों के सवालों के जवाब देते हुए कहा था। नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है।

### एक दिवसीय निःशुल्क शिविर थनोद में कल

**दुर्ग।** बच्चों में शील–सदाचार बढ़ाने तथा उन्हें मन से मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय आनापान ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। विपश्यना केंद्र थनोद दुर्ग में 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे से डेढ़ बजे तक आयोजित इस शिविर में 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ाने और उन्हें मन से मजबूत बनाने के लिए आयोजित यह शिविर निशुल्क है।

# तीन चरण में उड़नदस्ता दलों की शिफ्ट वाइस लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा उड़नदस्ता दल का

- आंशिक संशोधन करते हुए लगाई गई ड्यूटी

गठन किया गया था। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए विधानसभा दुर्ग शहर-64 के लिए उड़नदस्ता दलों की शिफ्ट वाईस अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

दल प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र पंकज कुमार के सहयोगी कर्मचारी पटवारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगाई गई है। दल प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र नितिन कनिकडैली के सहयोगी पटवारी विमल कुमार की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, दल प्रभारी प्राध्यापक रूपेश कुमार वर्मा शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय धमधा के सहयोगी पटवारी राजेश कुमार मरकाम की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई है। उप अभियंता नगर तथा ग्राम निवेश दल प्रभारी संदीप पटेल के सहयोगी ग्रामीण उद्यान अधिकारी रविश कुमार साहू की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, सहायक प्राध्यापक दल प्रभारी मोती राम साहू शासकीय वि.या.ता. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहयोगी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भुनेश्वर कुर्रे की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, दल प्रभारी औषधि निरीक्षक ईश्वर नारायण के सहयोगी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजीव कुमार साहू की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, प्रबंधक ए.एस.विश्वनाथ सरमा के सहयोगी भिलाई इस्पात संयंत्र गोवर्धन साहू की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, मैनेजर कंस्ट्रक्शन मनीष कुमार के सहयोगी ऑपरेटर सह तकनीशियन श्रवण सिंह पुरोहित की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, प्रशिक्षक शिक्षक एचआरडीसी सचिन्द्र प्रताप सिंह के सहयोगी त्रिभुवन दयाल मिश्रा की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई है।

### मतदान केंद्रों में होगी पूरी व्यवस्था

**दुर्ग।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार शहर क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों जैसे कि आदर्श, संगवारी मतदान केंद्रों का मतदान केंद्रों में आज आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र का निर्माण करने के लिए बोरसी शासकीय स्कूल, पोटियाकला शासकीय स्कूल, सुराना कॉलेज, जेआरडी स्कुल, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल, गयाबाई स्कूल इत्यादि जगहों पर पिंक बूथ व्यवस्था के नोडल अधिकारी शुभम गोईर ने शोएब अहमद, कर्मशाला अधीक्षक, कुमारी प्रिंसी शर्मा, सहायक बूथ व्यवस्था इत्यादि के साथ निरीक्षण किया गया। मतदान प्रकिया में मतदातों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसको विशेष ध्यान देकर कार्य कराया जा रहा है।

# मतदान केन्द्रों में प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था करें-निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था के साथ कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि, गर्मी में मतदाताओं को परेशानी ना हो। मतदाताओं के लिए पेय जल, छांव वाले स्थान, महिला पुरुष के लिए अलग अलग प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था किए जाएं। शहरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, नारायण सिंह यादव,भुवनदास साहू आदि मौजूद रहें।

### निशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि, इसी प्रकार मतदान केन्द्रों पर आश्रित



न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शमियाना शेड, शौचालय की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष व्यवस्थित करने को कहा। दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा होगी।

## 57 हजार ग्रामीण मजदूरों को मनरेगा में मिल रहा काम

# जिले के बीस ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरी का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के करीब डेढ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य शुरू नही हो सका है। जिसके चलते ज्यादातर मजदूर दूसरे जिले व राज्य मजदूरी के चले गए है।

- जिले के 284 ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न प्रकार के कार्य

हांलाकि जिले के 304 ग्राम पंचायत में से 284 पंचायत में कार्य भी कराए जा रहे है। जिसके लिए कार्य भी जारी किए जा रहे है।

मनरेगा के तहत चल रहे कार्य इन दिनों ग्रामीण मजदूरों के रोजगार का सहारा बना हुआ है। जिले के 304 में से 284 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत विभिन्न प्रकार के कार्य चल रहे है। इनमें 57 हजार 400 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मुहैया हो रहा है, जिले में मनरेगा तहत चल रहे कार्यों के लिए 880 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। जिले के धमधा जनपद पंचायत क्षेत्र के 119 ग्राम पंचायतों में से 117 में तालाब गहरीकरण, नाला जिर्णोद्धार, कच्ची नाली निर्माण, समतली करण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य चल रहे हैं। जहां इन कार्यों के लिए जारी किए गए 348 मस्टर रोल में 22 हजार 586 ग्रामीण मजदूर कार्यरत है, इसी प्रकार पाटन जनपद पंचायत क्षेत्र के 112 में से98 ग्राम पंचायतों में मेनरेगा के तहत अनेक प्रकार के कार्य कराए जा रहे है। इन कार्यों में 19 हजार 718 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों चल रहे इन कार्यों में कुल 291 मस्टर रोल जारी किए गए है।




### तालाब गहरीकरण से बढ़ेगा जलस्तर

गर्मी के दिनो में हर साल गांव में तालाब सूख जाते है। ऐसे में तालाब गहरीकरण का कार्य प्रभावी हो सकता है। जानकारी अनुसार जिला पंचायत द्वारा सिर्फ धमधा ब्लाक में ही तालाब गहरीकरण के कार्य प्रस्तावित किए गए है। इसे अगर अभियान की तरह जिलेभर में चलाया जाए, जलस्तर में व्यापक पैमाने पर बढोत्तरी होगी।

### दुर्ग जनपद में पन्द्रह हजार लाभान्वित

दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र के 73 में से 69 ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा के कार्यो में 241 मस्टर रोल जारी किए गए है। क्षेत्र में मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों में आज की तिथि में 15 हजार 96 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मुहैया हो रहा है। बारिश के पहले मिट्टी के कार्य पूरा करने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में इन दिनों मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर रोजगार मूलक कार्य चल रहे हैं।

# आसाराम के 87 वें अवतरण दिवस पर बांटा शर्बत और चना




**दुर्ग।** युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू के 87 वे अवतरण दिवस के निमित्त कैंप 2 लिंक रोड भिलाई पावर हाउस में वाले राहगीरों को चने और शर्बत का वितरण किया गया। सभी युवा सेवा संघ और समिति के सदस्यों का सहयोग रहा। साथ ही श्याम नगर के भागवत चंद्राकर और राजा फैंसी वाले मनोज वैश्य का सहयोग रहा। संघ द्वारा बताई गई की संत आसाराम बापू के अवतरण दिवस के निमित्त देश भर में बापू की संगठन द्वारा विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में मनाई जाती है समिति और संघ द्वारा दुर्ग जिले के 21 जगह पर चना और शर्बत बांटी जा रही है। 29 अप्रैल को बापू के अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ओमप्रकाश साहू ने दी।

## खबर संक्षेप

### हेमचंद यादव विवि में मनाया स्थापना दिवस

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 10 वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया जायेगा। विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षाओं के कारण विश्वविद्यालय बड़े स्तर पर कोई आयोजन नहीं कर रहा है। केवल विश्वविद्यालय स्तर पर अकादमिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। वर्ष 24 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय ने अपना प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित किया था।

**दो लाख विद्यार्थी है यूनिवर्सिटी से संबद्धः** विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के संबंध में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने अधिकारियों की बैठक लेकर विश्वविद्यालय की 9 वर्ष की यात्रा की समीक्षा की। डॉ. पल्टा ने बैठक में बताया कि 2015 में 68 हजार विद्यार्थी संख्या से आरंभ हुआ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में वर्तमान में 2 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत है। इसी प्रकार महाविद्यालयों की संख्या भी बढ़कर 161 हो गई है।

**1100 शोध विद्यार्थीः** डॉ. पल्टा के अनुसार अगामी नये शिक्षण सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का सही ढंग से क्रियान्वयन, विष्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य की पूर्णता तथा विवि में यूटीडी आरंभ कराना उनकी प्राथमिकता है। कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने कहा कि इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 1100 शोध छात्र–छात्राएं पीएचडी हेतु पंजीकृत है।

## आयोजन : भेलवा तालाब और उड़िया बस्ती में हुई चाय पर चर्चा

# राष्ट्र के निर्माण के लिए मोदी जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भाजपा के दो मंडलों के तीन स्थानों पर चाय पर चर्चा हुई। सुबह सुपेला मंडल के द्वारा चाय पर चर्चा श्री गुरुनानक देव सरोवर बेलवा तालाब नेहरू नगर में और दूसरा वैशाली नगर मंडल के उड़िया बस्ती एवं दुर्गा मंच घासीदास नगर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद प्रत्याशी विजय बघेल का स्वागत चंदेश्वरी बंधे, पार्षद शिवनारायण मोदी, आईपी मिश्रा, कांचा, निखिल सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता ने किया। स्थानीय पार्षद चंदेश्वरी बांधे ने कहा कि हम लोग बचपन से देखते आए हैं कि चाय पर चर्चा हमारे परिवार में होती थी। विजय बघेल बहुत ही सरल सहज मिलनसार अपने स्वभाव के धनी होने के साथ हमारे सुख-दुख में हमेशा खड़े रहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि चाय पर चर्चा परिवारिक कार्यक्रम में मुझे मेरे परिवार के लोगों से मिलना है। हम सब के साथी भाई के रूप में हमें मिलें। इनको आने वाली 7 मई को अपना बहुमूल्य वोट दे कर बहुमत से विजय बनाएंगे। भेलवा तालाब का जीर्णोद्धार स्व विद्यारतन भसीन के द्वारा हुआ था। सांसद प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि भिलाई के हृदय स्थल पर चाय पर चर्चा में सुबह-सुबह पधारे हुए हैं, चाय पर चर्चा का उद्देश्य है परिवार के साथ बैठ कर चर्चा। कैसे परिवार में समनवय बनाये कोई बीना कोई बता कर चला जाता है कि पुरी टीम चल कर जाती है। ये रिश्ता बिखर गया है। बहुत कम ऐसे होते हैं ये रिश्ता क्यों टुट गया। हमारी संस्कृति मान सम्मान इस लिए ऐसी चर्चा पर ऐसा रिश्ता बनाये भावनात्मक हो। ये चुनाव का कार्यक्रम है। चिंता मनन करना है। संस्कारी भारत जिसमें कोई दिखावा नहीं। लोकसभा बहुत बड़ा है हर किसी के सुख दुख में रहें ये मेरे माता-पिता ने मुझे दिया है। महेश वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक संयोजक कन्हैया सोनी जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, मंजु दुबे, सुभाष साव आदि मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव में विचाराधारा की लड़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

लोकसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है एक तरफ कांग्रेस पार्टी के युवा एवं आसानी उपलब्ध होने वाले प्रत्याशी राजेंद्र साहू है तो दूसरी तरफ पांच सालों तक खामोशी का चादर ओढ़ने वाले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद विजय बघेल है। इस चुनाव में विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा यह है कि वो जो वादा करती है उसे पूरा करती है दूसरी तरफ भाजपा है जो वादा करती उसके बाद वादों से मुकर जाती है। कांग्रेस पार्टी देश को आजादी दिलाने वाले महात्मा गांधी, पण्डित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, लाल बहादुर शास्त्री देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाली आयरन लेडी इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के सिद्धान्तों पर चलने वाली पार्टी है। जबकि भाजपा नाथूराम गोडसे एवं वीर सावरकर के वसूलों पर चलने वाली पार्टी है जो सिर्फ और सिर्फ वादा करके मुकरने वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी पहले जुमलेबाजी करती थी अब जुमलेबाजी की जगह मोदी की ग्यारंटी ने ले लिया है। उपरोक्त बाते कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राजेन्द्र साहू ने भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 62 सेक्टर 6 में आहूत पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता कलाम खान ने कहा कि मौजूदा सांसद विजय बघेल का एक भी कार्य बता दीजिए जिसमें उन्होंने अपनी सहभागिता दी है पहले भिलाई इस्पात संयंत्र में 60 हजार कर्मचारी थे धीरे-धीरे यह आंकड़ा 25 हजार पर आ गया आज सिर्फ 12 हजार कर्मचारी है आज भिलाई इस्पात संयंत्र की हालात अत्यंत जर्जर हो गई है।

## अंचल की खबर

### भारत गौरव यात्रा का धमधा में हुआ स्वागत



**धमधा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रव्यापी भारत गौरव रथ धमधा पहुंचा। बजरंग चौक धमधा से भारत गौरव यात्रा का धमधा इकाई में प्रारम्भ किया गया। यह रथ धमधा इकाई के गांव-गांव तक जाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेगा। यात्रा के शुभारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौध्दिक प्रमुख वीरेंद्र ,अभाविप धमधा अध्यक्ष संजय यादव,आशीष सपहा, रूपेश कुरे,वामन ताम्रकार,मिथलेश साहु, अभिषेक ताम्रकार, निखिल कुरे,नोमेश कोसरे ,आकाश जैन, कुनाल साहु ,किशन साहु आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आडिल ने किया साहू के पक्ष में प्रचार




**पाटन।** दुर्ग लोकसभा अंतर्गत पाटन विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में ग्राम धौराभाटा,फेकारी,परसाही, कानाकोट, बोदल, गाड़ाडीह, मतंग, सांतरा, मर्रा,सोरम, कसही,दरबारमोखली, बोरिद, खर्रा,बरबसपुर,रानितराई में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के राजप्रधान युगल किशोर आडील ने सभा को कहा कि वर्तमान के केंद्र सरकार महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों से हटकर धर्म संबंधित हिंसा भड़काने में लगे है आदि संबोधित कर राजेंद्र साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को संबोधित करने वालो में प्रमुख रूप से कौशल चंद्राकर,अशोक साहू,उमाकांत चंद्राकर,राजेश ठाकुर,जयश्री वर्मा आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को मिल रहा आधार सुविधा केंद्र का लाभ



**निकुम।** दुर्ग जिले के आखरी गांव निकुम ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर के प्रयास से आधार सुविधा केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को कही भटकने की जरुरत नहीं पड़ रही है। वहीं जरुरी दस्तावेज लाने पर आसानी से आधार कार्ड बन रहा है। गौरतलब हो कि निकुम क्षेत्र 15 गांवों का केन्द्र बिन्दु है। विकासखंड दुर्ग के ग्राम पंचायत निकुम में आधार कार्ड सेवा केन्द्र खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण आधार कार्ड सेंटर में आकर नये आधार कार्ड ,सुधार ,अपडेट करा रहे है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण जन आधार कार्ड बनवाने दुर्ग ,अर्जुन्दा, गुण्डरदेही बस व निजी वाहनों खर्च कर जाकर कई किलोमीटर दूरी तय कर करना पड़ता था। ,वही बुर्जुगों को ले जानें में परेशानी होती थी। कई बार सर्वर डाउन के कारण निराश होकर जाना पड़ता था। ग्राम पंचायत निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर व ग्रामीणों ने गांव में आधार कार्ड सुविधा केन्द्र खोलने की मांग विधायक से की। विधायक चंन्द्राकर के प्रयास से आधार कार्ड सेवा केन्द्र ग्रामपंचायत निकुम में आधार कार्ड बनाने ग्रामीणजनों व क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है।

### भगवान भी मिल जाते हैं सरलता सेः वैष्णव



**सेलूद।** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन के दौरान पं. हरिशंकर वैष्णव ने कहा कि जीवन में सरल होना सबसे कठिन काम है और जो सरल हो गया, उसे भगवान भी सरलता से मिल जाते हैं। इसलिए सरल बनो, सहज बनो। बुराई को छोड़ो, अच्छाई की राह पकड़ो। मनु सतरूपा चरित्र, वराह अवतार, शिव सती चरित्र व पार्वती मंगल की कथा सुनाने के दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में बुराई बहुत जल्दी पकड़ में आती है, वह देर तक याद भी रहती है, जबकि अच्छाई पकड़ने में वक्त लगता है और उसे याद रखने में भी मुश्किलें आती है। स्वाध्याय की आदत डालेंगे, तो अच्छाई जल्द पकड़ में आएगी। बुरे विचारों को जितनी जल्दी हो सके बाहर निकालो।अहंकार पतन की ओर ले जाता है। पं. वैष्णव ने शिव-सती की कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन में अहंकार पतन की ओर ले जाता है। इसलिए सहज, सरल बनो। शरीर अपना नहीं है, आत्मचिंतन करो, ध्यान करो। सती के पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि दक्ष ने अहंकारवश शिव का अनादर कर दिया था, जिसके परिणाम स्वरूप उनका सब कुछ खत्म हो गया था, लेकिन शिव ने आखिर उन्हें माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि कथा हमें आचरण सुधार की प्रेरणा देती है। कथा जीवन में संस्कार लाती है। कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहे हैं।

## वाहनों की चेकिंग...



भिलाई। लोक सभा चुनाव को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेंद्र शुक्ला वाहन चेकिंग के दौरान मौजूद रहे।

# पहन्दा में अवैध मुरम उत्खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन





पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत पाहन्दा अ के आंवला बगीचा तार बांध में अवैध मुरम उत्खनन करते हुए पंचायत के सदस्यों व ग्राम पंचायत के सरपंच एव ग्रामीणों द्वारा दो जेसीबी सात हाईवा को थाना प्रभारी अमलेश्वर के द्वारा जब्त किया गया। उक्त मुरम ग्राम पचांयत पाहंदा अमलेश्वर रोड में निर्माणाधीन सड़क में डालकर बाफना कंस्ट्रक्शन द्वारा राजस्व क्षति एवं समतल शासकीय जमीन को गड्ढा खोदकर ग्राम पंचायत पाहंदा को लाखों रूपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। जिसकी शिकायत 27 मार्च को अनुविभागी अधिकारी (राजस्व) पाटन जिला दुर्ग को ज्ञापन दिया गया था। जिसकी कार्यवाही आज तक नहीं हुई। जिसके कारण विवश होकर पुनः अनुविभागीय अधिकारी पाटन को ज्ञापन सौंपा गया। जिससे सरपंच, पंच व ग्रामवासी परेशान है। प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। कार्यवाही न होने कि स्थिति में समस्त ग्रामवासियो का विश्वास शासन-प्रशासन से उठता जा रहा है। अतः ग्राम पंचायत पाहंदा के एक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि के द्वारा विगत कई वर्षों से इस कार्य संलग्न है। राजस्व क्षति से ग्रामवासियों में काफी आक्रोश है। जिसके कारण अनुविभागी अधिकारी पाटन जिला दुर्ग में ज्ञापन देकर अधिकारी पाटन का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत पाहन्दा अ के पंच शिशुपाल साहू, राजेश वर्मा, महेन्द्र पटेल पुनीत साहू, नारायणी साहू, रेवती बघेल, लता साहू, सविता ठाकुर, नीरा साहू, आरती साहू, राजकुमार बघेल शामिल थे।

- दो जेसीबी व सात हाईवा को किया जब्त

## बिजनेस साइट

### सभी विषय एक ही छत के नीचे लर्निंग जोन में





**भिलाई।** गुरुवार को जेईई मेन्स का रिजल्ट एनाउंस हुआ और भिलाई की एक मात्र "सभी विषय एक ही छत के नीचे" कोचिंग लर्निंग ज़ोन से 30 से अधिक स्टूडेंट्स क्वालीफाई कर चुके है। जिसमें से तीन छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर लाकर अपने माता-पिता और भिलाई शहर को गौरवान्वित कर दिया है। लर्निंग ज़ोन ने अपने पहले ही सत्र में इतना अच्छा रिजल्ट देकर भिलाई में आईआईटी-जेईई और नीट की तैयारी करने वालों में एक नयी उम्मीद जगायी है। इसके साथ साथ लर्निंग ज़ोन भिलाई की एक मात्र ऐसी कोचिंग है जहां जेईई एडवांस्ड की लगातार क्लासेस लग रही है, और दूसरी कोचिंग के वो छात्र जिनको एडवांस में किसी भी प्रकार का सपोर्ट चाहिए लर्निंग जोन उन्हें फ्री में प्रदान करवा रहा है। जिस विज़न के साथ लर्निंग ज़ोन की टीम हर एक बच्चे पे मेहनत कर रही है वो दिन दूर नहीं जब भिलाई में फिर से आईआईटी और मेडिकल में सिंगल डिजिट रैंक देखने को मिलेगी।

### संजय रूंगटा ग्रुप के 9 विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में



**भिलाई।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष, विश्वविद्यालय के बीडीएस द्वितीय वर्ष के वार्षिक परिणाम घोषित हुए जिसमें संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के रूगंटा कॉलेज ऑफ डेंटल सांइस एड रिसर्च भिलाई के छात्रों ने टॉपर्स लिस्ट में बाजी मारी। छत्तीसगढ़ के सभी 6 डेंटल कॉलेज के वार्षिक परिणाम रायपुर में घोषित किए गए हैं। जिसमें रूंगटा कॉलेज के छात्रों ने प्रथम 9 प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया। आयुष युनिवर्सिटी के बीडीएस द्वितीय वर्ष के परिणामों में रूंगटा के 10 विद्यार्थियों ने टॉप 9 में अपना नाम दर्ज कराया। बीडीएस के छात्रों द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर संस्था के चेयरमैन संजय रूंगटा एवं कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रूंगटा कॉलेज के छात्रों ने वार्षिक परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं। बीडीएस द्वितीय वर्ष में खुशी अशोक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अमुल्या रानी, युक्ता कुल्करणी, प्रियंका अग्रवाल, विदिता अग्रवाल, स्नेहा भुताड़ा, नम्रता जैन, ने कमश, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पांचवा, छठवा, एवं सातवां स्थान तथा अनसिका शर्मा, दिपाली वर्मा, हितीका रॉय ने आठवा एवं नौवा स्थान प्राप्त किया।

### श्रीशंकरा विद्यालय से.10 के विद्यार्थियों का दबदबा



**भिलाई।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा में श्रीशंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के उत्कर्ष भारद्वाज भिलाई-दुर्ग में सर्वश्रेष्ठ श्रीशंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने अप्रैल गुरुवार में आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उत्कर्ष भारद्वाज (99.77), अरमान खान (97.1), ईशान सिंह (95), अक्षत पांडे (94.98) हेमांक साहू (91.91), लोकेन्द्र साहू (91.06), अनुश्री साहू (84.92), मेहुल साहू (82), धवल कुमार ऊइके (65.74), प्रियान्शु सूर्यवंशी (60.98). प्राचार्य बिपिन देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस. स्वामीनाथन तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों और सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भीषण गर्मी देख कर्मियों के छूटे पसीने, चुनाव के पहले मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

लोकसभा चुनाव भीषण गर्मी के बीच संपन्न होगा। लेकिन चुनाव के पहले ही ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों के पसीने छूटने लगे है। जिले में 42 डिग्री के बीच चुनाव कार्य करने वाले संगठनों ने जिला निर्वाचन आयोग को ज्ञापन देकर पूरी चुस्त दुरूस्त व्यवस्था कराने की मांग की है। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग लोकसभा एवं कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी से प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के दिन चुनाव कार्य में संलग्न कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ-साथ पोलिंग पार्टी के लिए सुविधा मुहैया कराने की मांग का ज्ञापन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह राजपूत ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा है। महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने चर्चा में सर्व प्रथम चुनाव कार्य में संलग्न कर्मचारियों अधिकारियों के मतदान को सुनिश्चित करने हेतु निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कर्मचारी संगठनों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री शुक्ला ने विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान दलों की हुई असुविधा की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए सात बिंदुओं का सुझाव कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को दिया। अंतिम चुनाव प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान अधिकारी एक, दो एवं तीन का एक साथ प्रशिक्षण हो, ताकि एक दूसरे से परिचय हो जाय। 7 मई होने के कारण भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान सामग्री वितरण केंद्र पर पोलिंग पार्टी की बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

- जिला निर्वाचन अधिकारी से मतदान दल को सुविधा मुहैया कराने की मांग

### सभागार में प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण

**दुर्ग।** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64, दुर्ग द्वारा आज नगर निगम सभागार में प्राचार्यों, प्रधान पाठको, संकुल समन्वयक की बैठक ली। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं तथा शौचालय, पानी, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, सहित दरवाजे, खिड़की, दरवाजे में कुंडी आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने, प्रतिदिन संस्था में जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने निर्देश दिये गए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## टी-20 मैच प्लेट कंबाइंड, रायपुर ब्लू व बीएसपी

**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर टी-20 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 बिलासपुर ब्लू विरुद्ध प्लेट कंबाइंड परिणाम प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 8 विकेट से जीता। दूसरा मैच रायपुर ब्लू विरुद्ध महासमुंद परिणाम रायपुर ब्लू ने यह मैच 23 रन से जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर टीम बीएसपी विरुद्ध दुर्ग परिणाम बीएसपी मैच 7 विकेट से जीता। टीम रायपुर विरुद्ध बिलासपुर परिणाम रायपुर ने 35 रन से जीता।

## 5 हाई रिस्क गर्भवती का हुआ सिजेरियन

**दुर्ग।** डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि, 5 गर्भवति माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनो से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओपरशन में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर ,गीतांजलि साहू, माधुरी , लक्ष्मी , शीतल,हमर लैब टीम सरस्वती वर्मा, रमेश, एवं ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।

# नारी सशक्तिकरण: सेल के सिरमौर की बढ़ा रहीं चमक

बीएसपी में 500 से अधिक महिला कर्मचारी-अधिकारी दे रहीं योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र उत्पादन और कार्य संस्कृति के लिए ही नहीं जाना जाता बल्कि महिला सशक्तिकरण में भी महती भूमिका निभा रहा है। अपने परिश्रम, प्रबंधकीय कौशल और तकनीकी हुनर से हजारों कर्मवीर महिलाएं फौलादी संस्कृति को विकसित करने में अहम योगादन दे रही हैं। सेल में सबसे ज्यादा महिला कर्मचारी और अधिकारी भिलाई में हैं।

उल्लेखनीय है कि आधुनिक भारत के निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरु द्वारा दो सौ वर्षों की अंग्रेजों की गुलामी से टूट चुके देश अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए बड़े बड़े बड़े कारखानों, चिकित्सा व शैक्षणिक संस्थानों और बांधों आदि की स्थापना की गई। ताकि विकास के साथ लोगों को रोजगार मिल सके। इसके तहत 1956 में विशालकाय भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना शुरु हुई और 1959 में 1 मिलियन टन उत्पादन शुरु होने के साथ ही औद्योगिक तीर्थ में महिलाओं के योगदान का सफर शुरु हो गया है। यूनियनों के मुताबिक यह वह दौर था, महिलाएं शिक्षा से लेकर रोजगार तक हर क्षेत्र में हाशिए पर थीं। साठ के दशक में बीएसपी में नान वर्क्स यानी शिक्षा और चिकित्सा तथा समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में योगदान दिया । बीएसपी के अधिकारियों की पत्नियों और महिला अधिकारियों ने भिलाई महिला समाज का गठन कर शिक्षा का अलख जगाया।



### शिक्षा, चिकित्सा व कला में परचम

सत्तर के दशक तक बीएसपी में महिला कार्मिकों की तादाद बढ़ने लगी। स्कूलों के अलावा सेक्टर नौ हास्पिटल में डां. वारे, डां. श्रीवास्तव जैसी महिला चिकित्सकों महिला सशक्तिकरण की नींव रखी। उत्पादन उत्पादकता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कला संस्कृति हर क्षेत्र में महिलाओं की धमक बढ़ी। पद्मविभूषण अंतराष्ट्रीय पंडवानी गायिका तीजन बाई आईकान बनीं बालीवुड में पामेला जैन की सुरीली आवाज गूंजी तो 90 के दशक के आते तक बास्केट बाल में पूनम तो वेट लिफ्टिंग में तंद्राराय चौधरी जैसी खिलाड़ियों ने देश में विदेश में भिलाई का परचम लहराया।

### प्रबंधकीय कौशल से फौलादी कीर्तिमान

पिछली आधी सदी के दौरान बीएसपी में हजारों महिला कर्मचारी अधिकारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए उत्पादन और निष्पादन से लेकर हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट अवदान दे रही हैं। इनमें महिलाएं साधारण कर्मचारी के पद से लेकर प्रबंधक,महाप्रबंधक और मुख्य महाप्रबंधक नीशा सोनी तक पद पर पदस्थ हैं। सेल चेयरमेन के शीर्ष पद पर भी एक महिला सोमा मंडल पदस्थ रह चुकी हैं। एक समय 90 के दशक में एक समय था जब, शिक्षा और स्वास्थ विभाग में तीस प्रतिशत से अधिक महिलाएं थीं। वर्तमान में पांच से अधिक महिला कर्मचारी अधिकारी हैं, जो फौलाद संस्कृति को विकसित करते हुए नारी सशक्तिकरण को मजबूत करने में महती योगदान दे रही हैं। नियमित महिला कार्मिकों के अलावा बीएसपी में हजारों ठेका मजदूर भी महिलाएं हैं, जो अल्प वेतन व संसाधनों में काम करते हुए अपने पसीने के गारे से औद्योगिक तीर्थ की चमक में योगादन दे रही हैं।

# एससीएसटी के साथ न हो भेदभाव: आयोग

■ सेल एससीएसटी इम्प, एसोसिशन की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल एससीएसटी इम्पालाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आनंद रामटेके ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सेल, एससी, एसटी इम्पलाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमके अभिमन्यु ने फेडरेशन के गठन के लिए सेल द्वारा बुलाई बैठक का विरोध किया है। बताया कि प्रबंधन की हां में हां मिलाने वालों के साथ सेल प्रबंधन द्वारा बैठक की जानकारी मिलने पर अभिमन्यु कॉरपोरेट ऑफिस पहुंचकर प्रबंधन से मिलकर से कहा कि जब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता है तब तक किसी भी स्थिति में बैठक नहीं होनी चाहिए । सेल कॉरपोरेट ऑफिस में कार्यरत सुदेश कुमारी उप महासचिव बबीता ने पारदर्शिता के साथ संगठन की नई कमेटी का गठन की मांग की। लेकिन कुछ लोगथ और प्रबंधन के मिलीभगत के कारण फेडरेशन में रोड़ा बन रहे । इसकी शिकायत आयोग से भी की गई। आयोग के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया की एससी एसटी के साथ भेदभाव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । आयोग से मिलने वालों में फेडरेशन के राष्टीय संयुक्त महामंत्रई जयप्रकाश कुमार, सचिव बाबाराव मुन व सदस्यजगदीश, आनंद रामटेके राष्ट्रीयजॉइंट जनरल सेक्रेटरी, रंजीत कुमार प्रसाद अधिकारी सदस्य नेत्रपाल, दीनानाथ प्रसाद कार्यकारीअध्यक्ष रंजीत प्रसाद शामिल ते।

# आरक्षण नीति पर प्रशिक्षण व आंबेडकर संग्रहालय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सेल एससी/एसटी फेडरेशन की बैठक



बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार ने जानकारी दी कि एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद एवं एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार सहित दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सेल एससीएसटी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरांगों मंडल की सेल चेयरमेन एवं डायरेक्टर के साथ बैठक हुई इस बैठक में सेल के सभी 16 यूनिटों के पदाधिकारीगण भाग लिये। सेल एससी/एसटी एम्पलाइज फेडरेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरांगों मंडल ने सेल चेयरमेंन अमरेन्दु प्रकाश के नाम ज्ञापन सौंपकर कई मांगों को पूर्ण करने की मांग की। सेल की सभी इकाइयों में सभी इंकाईयों में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के आरक्षण नीति पर प्रशिक्षण, डॉ. आम्बेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय का निर्माण करना, सेल के इकाईयों में संचालित सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रमों में एस सी/एसटी एसोसिएशन एवं फेडरेशन को शामिल करना, सेल के सभी इकाईयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितार्थ कम्युनिटी हॉल का निर्माण करना। श्री गोरंग सभी इकाइयों मे एससी/एसटी. एम्पलाईज एसोसिएशन को प्रदत्त कार्यालय को बिजली बिल एवं किराये से मुक्त रखा जाय, सामाजिक उत्तरदायित्व निगमन के तहत एस. सी./एस.टी. एवं ओ बीसी वर्ग के बेरोजगार युवाओं को आजीविका उपार्जन हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना।









# सेफ्टी कप के फाइनल में सीजी 11 और स्नाइपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक द्वारा सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए आयोजित सेफ्टी कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में सीजी 11 एवं स्नाइपर पहुंची है । शनिवार को सेक्टर 1 क्रिकेट ग्राउंड पर फाइनल मैच होगा।

■ सेफ्टी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार को

टूर्नामेंट में सीजी 11 ने सर्विसेज को सात विकेट से पराजित किया प्लेयर ऑफ़ द मैच अर्जुन रहे । महामाया ने भिलाई बॉयज को 14 रन से पराजित किया और प्लेयर ऑफ़ द मैच मोहन थे। कलिंगा वॉरियर्स ने इमर्जिंग 11 को 9 विकेट से पराजित किया । सीजी 11 ने बिहार 11 को 32 रन से पराजित किया । मेडिकल ने पावर प्लांट को 13 रन से पराजित किया ।

स्नाइपर ने महामाया 11 को 28 रन से पराजित किया प्लेयर ऑफ़ द मैच अंकुर रहे। शुक्रवार को हुए प्रथम सेमी फाइनल में सीजी 11 ने कलिंगा वॉरियर्स को आठ विकेट से पराजित किया प्लेयर ऑफ़ द मैच दीपक, दूसरे सेमीफाइनल में स्नाइपर ने मेडिकल 11 को 26रन से पराजित किया । प्रतियोगिता के दौरान इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह सहित शेखर कुमार शर्मा अनिमेष धनेश प्रसाद आर सुमन ज्ञानेंद्र पांडे रेशम राठौर जितेंद्र अग्रवाल वेणुगोपाल श्रवण पांडे अनिल पारखे उपस्थित थे। अंपायर हरिशंकर यादव ,आनंद खरलकर, संतोष प्रसाद ,राधेश्याम ,जीवनलाल, अमित हरपाल एवं स्कोरर विनोद देव घरे एवं संदीप वर्मा कॉमेंटेटर अभय कुमार थे।









## मंडलों में जनसंपर्क कर रहे विधायक

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी सांसद विजय बघेल के प्रचार में धुआंधार जनसंपर्क कर रहे विधायक ललित चन्द्राकर। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के सांसद व प्रत्याशी विजय बघेल को भारी मतों से विजय बनाने की अपील किया। कहा मोदी की गारंटी पर है सभी को भरोसा। जनसंपर्क के दौरान कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर के साथ मुख्य रूप से जिला मंत्री रोहित साहू जी,जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू उपस्थित रहे। ग्राम पिसेगांव, अछोटी, विनायकपुर, आमटी, निकुम, तिरगा, झोला, खांडा, बिरिझर, चंगोरी, थनोद इन गांवों में किया जनसंपर्क इस अवसर पर विधायक चन्द्राकर ने कहा कि इसमें दो मत नहीं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी सोच वाले कई ऐसे निर्णय है। हमारा देश आज आत्मनिर्भर बन चुका है कई ऐसे विकास कार्य है जिसकी कल्पना भी हम नहीं कर सकते थे ऐसे कई जनहित कार्य योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक का भी जीवन का उत्थान हुआ है। मोदी के गारंटी पर आम जनमानस ने भरोसा जताते हुए छग प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129


02 वोकेशनल ट्रेनिंग युवाओं...

लाइव इवेंट

## सारदा रामकृष्ण संघ का 10वां स्थापना दिवस मनाया




**भिलाई।** सरस अथवा सारदा रामकृष्ण संघ की स्थापना दिवस की 10वीं वार्षिकोत्सव विगत को भिलाई स्थित कल्याण महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि बिलासपुर रामकृष्ण आश्रम के सचिव स्वामी सेवाव्रतानंद महाराज एवं स्वामी जनार्दनानंद महाराज उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज द्वारा स्वामी विवेकानन्द के मूर्ति में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभिक अधिवेशन में वैदिक मंत्र उच्चारण ,भजन तथा रामकृष्णदेव के अष्टोत्तर शत नाम सम्मिलित रूप से उच्चारण किया गया। स्वामी द्वारा ध्यान कराया गया। तत्पश्चात सम्मिलित रूप में भगवत गीता का पाठ किया गया। द्वितीय अधिवेशन में उपस्थित स्वामी सेवाव्रतानंद द्वारा सांसारिक जीवन में चार योग का समन्व* करते हुए आध्यात्मिक उन्नति कैसे करें इस विषय पर प्रवचन व चर्चा प्रस्तुत किया गया। संसार के कर्तव्य का पालन करते हुए भक्ति मार्ग पर किस प्रकार से चला जाए इस विषय पर श्रद्धेय महाराज ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सभी कार्य को ठाकुर का कार्य समझकर करना ही ज्ञानयोग कर्मयोग राजयोग भक्तियोग का समन्वय है । हमें हर कार्य को ठाकुर के चरणों में समर्पित करना चाहिए, ठाकुर भाव स्वरूप है। अतः कार्य भावपूर्ण होकर करें। स्वामी जनार्दनानंद महाराज द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया। भक्तों के प्रश्नों का महाराजजी द्वारा उत्तर दिया गया एवं भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन गाया गया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में चंपा भट्टाचार्य, झरना कोवर, सुबीर रॉय, बेला घोष, दीपक बनर्जी, संदीप विश्वास, अजय मुखर्जी, मानिक चौधरी ,विनोद पहाड़े, देवाशीष सेन संजय परिहार, चित्रा दत्ता आदि भक्तजन उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया तथा 100 से अधिक भक्तों ने उपस्थित रहकर इस भक्त सम्मेलन का लाभ लिया। उदाहरण के लिए फ्रांस ,डरबन , हॉलैंड ,अफ्रीका आयरलैंड जर्मनी आदि देशों के नाम लिया जा सकता है, यहां के भक्तजन संगीत तथा प्रश्न उत्तर आदि चर्चाओं में नियमित रूप से भाग लिया भी करते हैं । इस प्रकार सरस की सदस्यों की संख्या और उसकी जनप्रियता क्रमश बढ़ती जा रही है। सरस का संचालन संघमित्रा तोकदार द्वारा किया जाता है।

आईआईटी भिलाई और सीजी एमएफपी फेडरेशन के बीच विचार-विमर्श

# आईआईटी व लघु वन उपज के बीच स्वदेशी आदिवासी ज्ञान के संरक्षण के लिए हुआ अनुबंध



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई और छत्तीसगढ़ राज्य लघु वन उपज (व्यापार और विकास) सहकारी संघ लिमिटेड के बीच एक विचार-मंथन सत्र और चर्चा शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई और अनिल राय (आईएफएस), एमडी, सीजी एमएफपी फेडरेशन ने संयुक्त रूप से की। लिबरल आर्ट्स, बायोटेक्नोलॉजी, मटेरियल साइंस और रसायन विज्ञान विभागों के संकाय सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, जिसमें आदिवासी समुदायों के साथ एमएफपी फेडरेशन के काम से संबंधित समस्या बयानों की पहचान की गई और भविष्य के सहयोगात्मक कार्य के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया।



### इस तरह तैयार हुआ रोडमैप

आईआईटी भिलाई भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित एक प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान है, और इसके पास छत्तीसगढ़ क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास करने की विशेषज्ञता और सुविधाएं हैं। एमएफपी फेडरेशन छत्तीसगढ़ राज्य का शीर्ष संगठन है, जो राज्य में लघु वन उपज क्षेत्र के प्रबंधन, विकास और व्यापार से संबंधित सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार है। दोनों संगठन संयुक्त रूप से पहचाने गए समस्या विवरणों पर अनुसंधान परियोजनाएं विकसित करेंगे और डोमेन में सुलभ और उत्तरदायी प्रौद्योगिकियों का विकास करेंगे, जिससे स्वदेशी आदिवासी ज्ञान के संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले को किया गौरवान्वित

■ प्रयास आवासीय विद्यालय के 18 विद्यार्थी आई.आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस में क्वालीफाईड, कलेक्टर ने दी बधाई

**भिलाई।** प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं सत्र 2023-24 में अध्ययनरत गणित विषय के 44 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन्स के लिए फार्म भरा था। उक्त 44 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी आईआईटी जेईई एडवांस में क्वालीफाईड हुए है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग मुख्यालय मालवीय चौक में संचालित हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें चयनित संस्था गुरुकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रशासन एवं चयनित संस्था द्वारा प्रातः 6 बजे से शाम 5.30 बजे तक अध्यापन एवं कोचिंग के साथ साथ व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न क्रियाकलाप, व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूर्ण किए जाने का ही परिणाम है जो उक्त




बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम से विभाग एवं जिला प्रशासन गौरन्वित हुआ है। इसके पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2023-24 में अत्यधिक सफलता मिली है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त क्वालीफाईड हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईआईटी. जेईई एडवांस में सफल होने का शुभकामनाएं दी है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी तथा हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त के साथ कोचिंग संचालक एवं प्रशासकीय अधिकारी तथा अधीक्षकों ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए कलेक्टर सुश्री चौधरी से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

**अन्य वर्षों की तुलना में 2023-24 में मिली अत्याधिक सफलता**



सिटी इवेंट

## सेंट थॉमस कॉलेज में विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस का आयोजन




**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा भिलाई के अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग एवं एमओयू पार्टनर होली क्रॉस महिला महाविद्यालय अंबिकापुर के संयुक्त तत्वावधान द्वारा शिक्षाविदों में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पारुल सिंहा सहायक अध्यापक एमिटी लॉ स्कूल एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के थे। इस अवसर पर सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. जोशी वर्गीज एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोइमोन ने कार्यक्रम का सराहना की। होली क्रॉस महिला महाविद्यालय अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ शांता जोसेफ, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कल्पना गुहा एवं दोनों महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. पारूल सिंहा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर दैनिक जीवन से संबंधित उदाहरण देकर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने पेटेंट योग्यता, गैर-पेटेंट योग्यता मामले और पेटेंट देने के चरणों पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने पेटेंट और कॉपीराइट के लिए आवेदन दाखिले करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिक्षाविदों के क्षेत्र में अनुसंधान प्रकाशन में बौद्धिक संपदा अधिकारों का महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया। पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क इन सबकी फाइलिंग प्रोसीजर, एप्लीकेशन फॉर्म, स्त्रोत एवं विभिन्न वेबसाइट की पूर्ण जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण दास ने किया। अन्य संकाय सदस्य सुश्री अपर्णा दत्ता भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन एम.ए अर्थशास्त्र (चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र अजो थॉमस द्वारा किया गया। दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापको ने उत्साह के साथ भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नगपुरा में हनुमान जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**भिलाई।** बजरंगदल नगपुरा प्रखंड द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम नगपुरा से जिला सह संयोजक कुलेश्वर यादव, प्रखंड अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शोभायात्रा प्राचीन महाबीर मंदिर से शोभायात्रा आरम्भ करके दुर्गा मंदिर पहुंच कर शोभा यात्रा पूरी की।

## अंगुली की काली स्याही दिखाकर ले सकेंगे छूट, वोट करो और डिस्काउंट लो की मुहिम

**दुर्ग।** मतदान का प्रतिशत और लोगों को चुनाव की भागीदारी से जोडने के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा वोट करो और डिस्टाउंट लो अभियान छेडी गई है। इसके लिए मतदाताओं को वोट वाले दिन अंगुली में लगे काली स्याही दिखाना होगा, जिसके बाद दुर्ग के व्यापारी विभिन्न खरीदी पर छूट का आफर देगें। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय दुर्ग में व्यापारिक संगठनों की बैठक ली गई। बैठक में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं निर्वाचन के दिन मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा वोट करके शॉप में खरीदी करने वालों को छूट की घोषणा की गई है। घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर इंदिरा मार्केट के दुकानों पर डिस्काउंट मिलेगी। जिसमें सराफा व्यापारी संघ द्वारा मतदाताओं को मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया व्यापारियों द्वारा प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर व्यापारियों द्वारा 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फ्रूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है।



### व्यापारियों ने ली शपथ, करेगें प्रेरित

बैठक में एसडीएम मुकेश रावटे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, चंदन मनहरे एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। व्यापारी संगठन के पदाधिकारियो ने अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली एवं ₹पहले मतदान और उसके बाद जलपान₹ के नारे लगाए। बैठक में चंदन मनहरे सहित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पवन बड़जात्या, प्रदेश मंत्री अशोक राठी, बहादुर अली, मनीष पटेल, अनुराग अग्रवाल, प्रह्लाद कश्यप, अरुण अग्रवाल, आकाश बड़वानी, संतोष बजाज, लव खत्री आदि मौजूद रहे।

## अवतरण दिवस पर बांटा चना-शर्बत



**दुर्ग।** योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में युवा सेवा संघ भिलाई-दुर्ग द्वारा हनुमान जयंती और संत श्रीआसारामा बापू के 87 वें अवतरण दिवस के अवसर पर उजाला भवन दुर्ग के पास हिंदू युवा मंच की विशाल रैली में भक्तों को शर्बत वितरण किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोग लाभ लिया गया। युवा सेवा संघ और समिति द्वारा हर वर्ष अपने सदगुरु संत श्रीआसाराम महाराज के जन्म दिन के एक सप्ताह पूर्व विश्व सेवा दिवस के रूप में दुर्ग जिले के 21 जगह में शर्बत और चना वितरण किया गया। 29 अप्रैल को संत आसाराम बापू का अवतरण दिवस है।

हिंदी-यूएसए सैंट लुईस का दूसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# हिंदीभाषी 130 से ज्यादा छात्रों ने भारतीय संस्कृति को जीवंत किया अमेरिका में

कार्नर न्यूज

**अमेरिका में बसे भारतवंशियों की संस्था हिंदी यूएसए ने हाल ही में अपना बहुप्रतीक्षित दूसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शानदार सफलता और उत्साह के साथ मनाया। हिंदी-यूएसए के 85 से ज्यादा समर्पित स्वयंसेवकों के साथ 130 से ज्यादा हिंदी भाषी छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक पहल के साथ शानदार कलात्मक प्रतिभा से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए।**

**भिलाई।** इस दौरान भारत के महावाणिज्य दूतावास, शिकागो के प्रेस, सूचना और सांस्कृतिक मामलों के वाणिज्य दूत संजीव पाल समारोह के मुख्य अतिथि थे। उत्सव की शुरुआत हिंदी-यूएसए के संस्थापकों मयंक जैन और डॉ. अंशू जैन के द्वारा हुई, जिन्होंने इस अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या की रूपरेखा तैयार की थी। ये युगल संस्थापक इस्पात नगरी भिलाई के रहने वाले है। मयंक जैन कपड़ा व्यापारी सुरेश चंद जैन के पुत्र और डॉ. अंशु जैन अंचल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ मदन लाल जैन की सुपुत्री हैं। हिंदी-यूएसए के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र हिंदी सीख रहे 130 प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा 21 मनोरम प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था। इस प्रदर्शन में नृत्य और स्किट के माध्यम से हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन धर्म जैसे प्रमुख धर्मों तथा दीपावली, ईद, होली, महाशिवरात्रि, नवरात्रि, संक्रांति, कृष्ण जन्माष्टमी, गणगौर और बैसाखी जैसे प्रमुख त्योहारों का प्रतिनिधित्व किया गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर उठाया लुत्फ

महाभारत और रामायण जैसे प्राचीन महाकाव्यों के पुनर्कथन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा भक्ति गीत, बच्चों का आर्केस्ट्रा और चार शिक्षकों के समूह द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर एक प्रभावशाली नृत्य भी खूब सराहा गया। उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया साथ ही गहनों, कपड़ों की खरीदारी और स्वादिष्ट भारतीय स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम के संचालन में मेघना लुंकड़ और शुचि खंडेलवाल ने अपने ऊर्जावान और रोचक तरीके से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी एंकरिंग कौशल का प्रदर्शन किया।

### ये हुए शामिल

आयोजन में पार्कवे स्कूल बोर्ड के अध्यक्ष जेफ टॉड, बोर्ड के सदस्य डेबोरा हॉपर और पार्कवे स्कूल के अधीक्षक कीथ मार्टिन, रॉकवुड स्कूल के जिला उपाध्यक्ष तमारा रोमबर्ग और बोर्ड के निदेशक कैरी बेचर्ट सहित विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस दौरान लिटिल एंजल्स फाउंडेशन के रिजा

## सिटी इवेंट

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चे ले रहे हैं प्रशिक्षण



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुलगांव दुर्ग में ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चे बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है। जिसमें बच्चे खेल-खेल में कलात्मक व उपयोगी सामग्रियों का निर्माण सीख रहे हैं। शैक्षणिक के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। जिससे बच्चों में सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता, कौशल, समय का सदुपयोग करना आदि गुणों का विकास होगा। बच्चे कढ़ाई, बुनाई, चॉकलेट की पन्नी से छत्तीसगढ़ी गहने, लैम्प पोस्ट, फूलदान, बैच बनाना सीख रहे हैं। समर कैंप का आयोजन प्रधान पाठक मयंक चन्द्राकर एवं उच्च वर्ग शिक्षिका सरोजनी बघेल द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सभी शिक्षिकाओं राधा रवाना, सरोज बाला साहू, हेमलता साहू, संगीता देवांगन,अंजू ठाकरे एवं मोहिनी सिन्हा सभी की सहभागिता रही। साथ ही बीएड छात्र-छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया। वाले छात्र-छात्राओं कु.ईषिका, जानकी, दामनी, थलेश्वरी, दीपिका, ईषा,मधु, सतीष, पुखराज, पितांबर,धर्मेन्द्र, पंकज, आयुष, बीरेन्द्र,कमल, कमल किशोर आदि बच्चों द्वारा प्रतिदिन अलग अलग प्रकार की सामग्रियों का निर्माण सीख रहे हैं।

- खेल-खेल में कलात्मक व उपयोगी सामग्रियों का कर रहे निर्माण
- शापूमा शाला पुलगांव में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन

## धर्म लाइव

# पयोधि की चर्चित काव्यकृति 'लमझना' पर ऑनलाइन विमर्श



**भिलाई।** हिंदी साहित्य भारती , छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रख्यात कवि, कथाकार,नाटककार, आदिवासी संस्कृति के अध्येता लेखक,जनजातीय भाषाओं के शब्दकोशकार और बाल साहित्यकार लक्ष्मीनारायण पयोधि की जनजातीय भावलोक पर केन्द्रित अत्यंत चर्चित काव्यकृति 'लमझना' पर ऑनलाइन विमर्श 28 अप्रैल को शाम 6 बजे से आयोजित किया गया है। प्रतिष्ठित और सक्रिय साहित्यिक संस्था 'हिन्दी साहित्य भारती छत्तीसगढ़' द्वारा भाषाविद्-साहित्य मनीषी डॉ. (प्रो.) चित्तरंजन कर की अध्यक्षता में आयोजित इस विचार-गोष्ठी में आलोचक-सर्जक डॉ. गिरिजाशंकर गौतम (रायपुर), महेन्द्र वर्मा (बेमेतरा),राजेन्द्र श्रीवास्तव (विदिशा,मध्यप्रदेश) और यशपाल शर्मा (चित्तौड़गढ़,राजस्थान) इस अभिनव काव्यकृति पर समीक्षात्मक चर्चा करेंगे।

प्रसिद्ध साहित्यकार बलदाऊराम साहू द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम का संचालन युवा कवयित्री और लेखिका निशा साहू (दुर्ग) करेंगी। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीनारायण पयोधि मूलतः बस्तर के भोपालपटनम् निवासी हैं। उनकी विभिन्न विधाओं में अब तक कुल 56 पुस्तकें प्रकाशित हैं,जिनमें 21 काव्यकृतियाँ हैं।श्री पयोधि की जनजातीय संस्कृति और जीवन-संघर्ष पर केन्द्रित पहली काव्यकृति 'सोमारू' को प्रख्यात आलोचकों और कवियों द्वारा हिन्दी कविता में नयी धारा के रूप में स्वीकार किया गया है और वरिष्ठ लेखिका डॉ. लता अग्रवाल 'तुलजा' का 'सोमारू' की विवेचना पर केन्द्रित आलोचना-ग्रंथ 'उत्तर सोमारू' काफी चर्चित रहा है।इस कृति के अबतक चार संस्करण प्रकाशित होने के अलावा अंग्रेजी और मराठी में अनुवाद भी हो चुका है। अनेक पुरस्कार और सम्मानों से विभूषित योधि की जनजातीय भावलोक पर केन्द्रित दूसरी चर्चित काव्यकृति 'लमझना' के नाट्य रूपांतरण 'जमोला का लमझना' की भोपाल,मुंबई, रायपुर सहित विभिन्न शहरों के नाट्य समारोहों में प्रस्तुतियों ने उसे लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया है।'सोमारू','लमझना' और पयोधि की जनजातीय संस्कृति पर केन्द्रित विभिन्न कृतियों को केन्द्र में रखकर डॉ. ज्योति कुशवाहा (बिलासपुर) और जयाप्रभा भट्टाचार्य (अंडमान) द्वारा पीएचडी के लिये शोध किया जा चुका है।

## हेल्थ लाइव

# विश्व हीमोफीलिया दिवस पर मरीजों को दिए टिप्स व उपचार





**भिलाई।** हीमोफिलिया सोसायटी रायपुर चैप्टर द्वारा गुरुवार को जिला अस्पताल दुर्ग में विश्व हीमोफीलिया दिवस पर अवेयरनेस प्रोग्राम एवं कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. अरुण साहू , मे डि सि न स्पेशिलिस्ट डॉ. देवेन्द्र साहू, हास्पिटल कंसलटेंट डॉ. ओपी वर्मा, पैथोलोजिस्ट डॉ. जिज्ञासा ने छत्तीसगढ़ के मरीजों कि समस्याओं सुनी एवं परामर्श दिया। द्वितीय सत्र में हेमोटोलोजिस्ट डॉ. गुरमीत सिंह सेक्टर-9 भिलाई हॉस्पिटल द्वारा हीमोफिलिया के नवीनतम उपचार की जानकारी दी गयी। मरीजों कि शंकाओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि हीमोफिलिया के मरीजों को फैक्टर 7, फैक्टर 8 ,फैक्टर 9 जिला अस्पताल में निःशुल्क प्रदान किया जाता है। सिविल सर्जन एवं अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में मरीजों को और अच्छी चिकित्सीय सुविधा कराने का आश्वासन दिया। हीमोफिलिया सोसाइटी रायपुर चैप्टर ने उत्कृष्ट सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अस्पताल का आभार व्यक्त किया।

## बीएसपी अब सालभर देगा वोकेशनल ट्रेनिंग

# वोकेशनल ट्रेनिंग युवाओं के कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम

**भिलाई।** बीएसपी इस्पात उत्पादन में अग्रणी बने रहने के साथ अपने सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व पहलों के लिए भी प्रयासरत रहा है। इसके तहत संयंत्र अपने परिधि क्षेत्र के लोगों के लिए तो कार्य कर ही रहा है और सीएसआर पहल के तहत वोकेशनल ट्रेनिंग भी निःशुल्क प्रदान की जा रही है, ताकि विद्यार्थी इसका भरपूर लाभ ले पाएं। इस वोकेशनल ट्रेनिंग में प्रवेश के लिए देश के सभी राज्यों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। बीएसपी में पहले यह वोकेशनल ट्रेनिंग सिर्फ गर्मियों में दी जाती थी। इससे कम लोग इसका लाभ ले पाते थे। इसलिए संयंत्र प्रबंधन ने 2 साल से वोकेशनल ट्रेनिंग साल भर प्रदान करने का निर्णय लिया है।



### रोजगार व स्वरोजगार के लिए तैयार

उल्लेखनीय है कि वोकेशनल ट्रेनिंग युवाओं का कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। वोकेशनल ट्रेनिंग हमें व्यापारी, तकनीशियन या किसी भी क्षेत्र में एक कुशल पेशेवर के साथ अनुभवी व्यक्ति के रूप में काम करने के लिए तैयार करती है। वोकेशनल ट्रेनिंग किसी व्यक्ति को उसके अपेक्षित कौशल के साथ लाभकारी रोजगार या स्व–रोजगार के लिए तैयार करता है। एचआरडी की मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी ने बताया कि कई बच्चों को स्टील इंडस्ट्री या ऐसे कई व्यावसायिक क्षेत्रें के बारे में जमीनी स्तर की जानकारी नहीं होती है या कम होती है। जिसकी वजह से वह कई अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते। अब ट्रेनिंग से उनका कौशल विकास होगा। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने बताया कि वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग से विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक जीवन में भी काफी लाभ हुआ है।



### महत्वपूर्ण है ट्रेनिंग

वोकेशनल ट्रेनिंग इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमें किसी भी स्ट्रीम की आतंरिक और वास्तविक जानकारी तो होती ही है, इसके साथ ही विषय सम्बन्धित वोकेशनल ट्रेनर और विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने का अवसर भी प्राप्त होता है। युवा अपने अनुभव से प्राप्त ज्ञान साझा कर, जमीनी स्तर की आधारभूत और विषय सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। तकनीकी कौशल निखारने के साथ और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

### कौन होगा पात्र

बीएसपी में वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, प्रबंधन, फर्मेसी, फिजियोथेरेपी, अग्नि और सुरक्षा, सामाजिक विज्ञान, कानून, मीडिया एवं जनसम्पर्क, कंप्यूटर अनुप्रयोग और ट्रेनिंग के समय लागू अन्य कोई भी स्ट्रीम या पाठ्यक्रम के विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें देश भर के सभी संस्थानों से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसमें बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग संयंत्र के अंदर और बाहर के सभी विभागों में आवश्यकतानुसार प्रदान किया जाता है।

## सेवाभाव...

# लोगों ने किया रक्तदान



**भिलाई।** हनुमान जयंती के अवसर पर महावीर सेवा समिति मानव सेवा परिसर मानव सेवा सेक्टर-9 मे रक्तदान का आयोजन किया। विशेष अतिथि मानव सेवा परिषद के अध्यक्ष संतोष गोलछा के साथ प्रदीप जैन बाकलीवाल, मोदी संपत लाल, मोदी राजू जैन, कीर्ति और रक्तदान समिति के चिकित्सक व सहयोगी थे। लगभग 13 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। बच्चों और महिलाओं के साथ युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां सैकड़ों लोगों ने अपना ब्लड ग्रुप का परीक्षण भी कराया।

# राहगीरों को मिलेगा शुद्ध शीतल जल व देशी गुड़



**भिलाई।** शुक्रवार को घड़ी चौक सुपेला में विधायक प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह द्वारा प्याऊ घर प्रारंभ किया गया। उद्घाटन भीषण गर्मी तेज धूप में शहर की यातायात व्यवस्था को सम्हालने वाले सिपाही को शीतल जल पिला कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने किया। इस प्याऊ घर में देशी गुड़ और मटके का शुद्ध शीतल जल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नागरिकों व यात्रियों के सेवार्थ उपलब्ध रहेगा।

## वित्तीय वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिस्पेच

# मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग विभाग का सेकेंडरी सेल्स में रिकार्ड



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग विभाग द्वारा, 36400 टन की डिफेक्टिव स्टील कटिंग आइटम की सेकेंडरी सेल्स ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकार्ड दर्ज किया है। यह बिक्री आक्शन के माध्यम से की गई ।

### फारवर्ड आक्शन के कई सेल्स रिकार्ड बनाने में मिली सफलता

महाप्रबंधक जगन्नाथ रथ और मनोज कुमार के साथ, मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग टीम ने आनलाइन फारवर्ड आक्शन के कई सेल्स रिकार्ड बनाने में सफलता हासिल की है। इस वित्त वर्ष के दौरान, कोल केमिकल सेल से प्राप्त आय, लगातार दूसरी बार वित्त वर्ष 2023–24 में 600 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ग्रेनुलेटेड स्लैग का डिस्पैच 25.31 लाख टन है, जो कि एक वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच है। भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देता है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मांगों को पूरा करता है। चाहे वह विशेष उत्पादों की उपलब्धता की जांच करना हो, ग्राहकों की आवश्यकताओं को जानना और केंद्रीय विपणन संगठन को उत्तर भेजना हो, प्राइम आइटम के साथ–साथ सेकेंडरी आइटम की बिक्री निष्पादित करनी हो भिलाई इस्पात संयंत्र उन्हें करने हेतु हमेशा तैयार रहता है। साथ ही ग्राहक द्वारा अनलाइन भुगतान सुनिश्चित करना हो, वस्तुओंध्उत्पादों के प्रेषण के लिए डिलीवरी अर्डर जारी करना हो या ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर काम करना हो, मार्केटिंग एवं बिजनेस प्लानिंग विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल्स लूप को आसानी से पूरा कर रहा है।

## कार्नर न्यूज

## सारी सुविधा मिलेगी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में

# भिलाई तीन में गर्भवती महिलाओं के लिए ऑनलाइन ट्रेकिंग केन्द्र



भिलाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में जिले का पहला गर्भवती माताओं की आन लाइन ट्रेकिंग का केंद्र बना गया है। खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सैय्यद असलम ने बताया कि कोई भी गर्भवती माता अब उच्च चिकित्सकों की देख रेख में रहेंगी। उसका प्रथम तिमाही से जांच ओर विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका रखते हुए कोई समस्या होने पर आन लाइन ट्रेकिग में जानकारी शेयर करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ,झीठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 शहरी स्वास्थ्य केंद्र चरोदा शहरी अस्पताल सुपेला ओर जिला अस्पताल दुर्ग के चिकित्सकों को जोड़ा गया है।



### मिलेगा सभी को लाभ

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में चरोदा भिलाई 3 में हाई रिस्क एएनसी (गर्भवती) माता का सुरक्षित प्रसव कराने जच्चा-बच्चा दोनों ही को सुरक्षित करने प्लान बनाया गया है। सभी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका संयोजक स्टाफ नर्स, चिकित्सक का एएनसी ट्रेकिंग ग्रुप बनाया है जिसके माध्यम से एरिया अनुसार ट्रेकिंग करेंगे। सैय्यद असलम ने बताया कि गर्भवती माताओं की काउंसिलिंग भी किया जाएगा। बेहतर प्लान बनाकर विशेषज्ञ की सलाह भी घर बैठे उपलब्ध कराई जाएगी। उच्च खतरा वाली माता को इसका लाभ मिलेगा माता मृत्यु दर कम करने बडा कारगर साबित होगा।

### ये चिकित्सकों की सुविधा मिलेगी

चरोदा से डा कीर्ति तिर्की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 से डॉ भुनेश्वर कठौतिया, बीपीएचयु ब्लाक लेवल पब्लिक हेल्थ युनिट, मेडिसिन विशेषज्ञ के डा आशीष शर्मा ,जिला मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ अर्चना चौहान,बीईटीओ सैय्यद असलम सीनियर कंसल्टेंट, एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट की मेडिकल आफिसर डा विजिता, सुपेला अस्पताल के प्रभारी अधिकारी डॉ पियाम सिंह, जिला अस्पताल दुर्ग की डॉ विनिता धूव्र, डा ज्योति धुर्वे, सीटी प्रोग्राम मैनेजर विवेक मिंज मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग के विजेता बने टीम दीपेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में विष्णु प्ले फिट स्पोर्ट्स एकेडमी और टेनिस फेमिलिया द्वारा छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग (सीटीपीएल) का आयोजन यूनियन क्लब में किया गया। सुबह 9 बजे से प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले खेले गए। जिसमे टीम दीपेश ने टीम हेनरी को 5-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बालक एकल के मुक़ाबले में टीम दीपेश के अयान सरवत ने टीम हेनरी के सार्थक अग्रवाल को 5-0 से शिकस्त दी। बालिका एकल में टीम दीपेश की सुहानी पाठक ने टीम हेनरी की चंचल सारथी को 5-1 से शिकस्त दी और बालक डबल्स के मुक़ाबले में टीम दीपेश के जसमन सिंह खालसा और तन्मय गोयल की जोड़ी ने टीम हेनरी के आरव असाटी और साकेत चंदवास्कर की जोड़ी को 5-1 से शिकस्त दी। मिक्स डबल्स के मुक़ाबले में टीम दीपेश के अंश चोपड़ा और सुहानी पाठक की जोड़ी ने आरव असाटी और चंचल सारथी की जोड़ी को 5-1 से शिकस्त दी। बालक एकल के अंतिम मुक़ाबले में टीम दीपेश के अंश चोपड़ा ने टीम हेनरी को हर्षिल नथानी को 5-1 से हराते हुए फ़ाइनल अपने नाम किया। विजेताओ को पुरस्कृत विजय अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अग्रवाल सभा एवं वाइस प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ, प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवं सचिव यूनियन क्लब गिरीश अग्रवाल ने किया। यह जानकारी टूर्नामेंट कोर्डिनेटर रुपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

### राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल के लिए विक्की का राज्य टीम में चयन



**रायपुर।** सरगुजा जिले से छत्तीसगढ़ बास्केटबाल टीम में बालक वर्ग में विक्की भगत का चयन 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबाल प्रतियोगिता हरियाणा के लिए हुआ है। ये प्रतियोगिता 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विक्की विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम सरगुजा के बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करते आ रहे हैं। बेहद साधारण परिवार से आने वाले विक्की के चयन पर जिला बास्केटबॉल संघ ने बधाई और शुभकामनाये दी है।

### स्वीप कप मुंगेली जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज़ चैम्पियनशिप कल



**रायपुर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप के अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 28 अप्रैल को महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाफल में सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। जिसमे सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं.स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुल नगद 10, 000 रुपये मोमेंटो व मेडल्स और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रायोजक राजपूत युवा मोर्चा लोरमी है । स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फ़ोटो प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है । स्पर्धा सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क है। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल देव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली व विशिष्ट अतिथि प्रभाकर पांडेय स्वीप जिला नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधकारी मुंगेली रहेंगे।

### वुमेंस अंडर 19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी आज से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस अंडर 19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी 2024 का आयोजन 27 अप्रैल से किया जा रहा है। उक्त टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 5 टीमें हिस्सा लेगीं। सभी मैच वनडे फार्मेट में खेले जायेगें। मैच आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर तथा सेक्टर 1 मैदान, भिलाई में खेले जायेगें। भाग लेने वाली टीम में -इस्ट जोन,वेस्ट जोन,साउथ जोन,सेन्ट्रल जोन और नार्थ जोन है।

## अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स को लेकर स्टडी में सामने आई बात, रहें सावधान

# पैक्ड चिप्स-आइसक्रीम खाते हैं तो हो जाएं सावधान 'जहर' की ऐसी खुराक, मौत का बढ़ा रही है खतरा

अध्ययनों में बार-बार चेतावनी दी जाती रही है अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे मोटापे से लेकर ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि नियमित रूप से इन चीजों के सेवन से न सिर्फ हृदय रोग-कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही ये समय से पहले मृत्यु के जोखिमों को भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं।



बीएमजे जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर लोगों को सावधान किया है। 45 अध्ययनों में शामिल एक करोड़ से अधिक लोगों पर किए गए शोध में वैज्ञानिकों ने इससे होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाने या पीने की चीजों के कारण लोगों में कैंसर और मानसिक रोग, श्वसन और हृदय संबंधी विकारों, गैस्ट्रो और मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य की समस्याएं अधिक देखी जा रही हैं, जो समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ा रही हैं। लगभग सभी उम्र के लोगों में इस प्रकार के आहार के कारण होने वाली समस्याएं देखी गई हैं।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स क्या हैं?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के कारण होने वाली समस्याओं को जानने से पहले ये जान लेना आवश्य है कि किस तरह के खाद्य पदार्थों को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड की श्रेणी में रखा जाता है? अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स औद्योगिक रूप से तैयार खाद्य पदार्थ होते है जिन्हें प्राकृतिक भोजन से तो प्राप्त किया जाता है पर इनको लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने, स्वाद को बढ़ाने के लिए कुछ प्रकार के प्रिजर्वेटिव्स, रसायन और रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। इन खाद्य-पेय पदार्थों में ऐडेड शुगर और सोडियम की मात्रा भी अधिक हो सकती है जिससे सेहत को कई प्रकार से नुकसान होता है।

### मानसिक रोगों का बढ़ रहा है खतरा

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से सेहत को किस प्रकार से नुकसान पहुंचता है इस बारे में जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन को सीधे तौर पर अस्थमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों और कुछ कैंसर से संबंधित पाया गया है।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से क्रोनिक बीमारियों का जोखिम

शोधकर्ता कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स खाने वालों में टाइप-2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। अध्ययन से पता चलता है कि अन्य लोगों की तुलना में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों का अधिक सेवन करने वालों में हृदय रोग-डायबिटीज के कारण समय से पहले मृत्यु का खतरा भी 20 फीसदी अधिक देखा गया है।

### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

अध्ययन के निष्कर्ष में लेखकों ने बताया बच्चों-युवाओं में जिस तरह से पैक्ड और झटपट तैयार होने वाले पैक्ड फूड्स की आदत बढ़ रही है ये गंभीर समस्याकारक है। कम उम्र में मोटापे की बढ़ती समस्या को कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का कारक माना जाता है। इससे पहले के अध्ययनों में भी भारतीयों में प्रोसेस्ड फूड्स खाने की बढ़ती आदतों को लेकर अलर्ट किया जाता रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन और आईसीआईसीआई सिक्यूरिटीज ने हाल ही में इससे संबंधित एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि भारतीय लोगों को घर से ज्यादा बाहर खाना खाना पसंद आ रहा है, लिहाजा प्रोसेस्ड-जंक फूड्स की आदत भी बढ़ रही है जिसके कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं।





## एक्सरसाइज से जुड़े मिथक जरूर जानिए, खुद परखिए

अगर आप उनमें से हैं जो बहुत ही सीरियस होकर ट्रेनिंग लेते हैं या फिर आप एक्सरसाइज शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो आपने उससे जुड़ी कई बातें सुनी होंगी। आपने कुछ अच्छे मिथक (जो वास्तव में सत्य हैं) और बुरे मिथक (जो बहुत समस्याग्रस्त हो सकते हैं) के बारे में सुना होगा। हार्वर्ड में ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी के प्रोफेसर डैनियल लिबरमैन ने इन मिथकों के बारे में बताया है, ताकि आप जान सकें कि अपने डेली रूटीन में आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे।

### एक्सरसाइज के बारे में खराब मिथक

### दौड़ना आपके घुटनों के लिए बुरा है

ये एक ऐसी आम धारणा है, जो बहुत गलत है। ज्यादातर लोगों को रनिंग के बारे में यही धारणा होती है और वो उसे सच मानते हैं। सभी को लगता है कि रनिंग करने से समय के साथ आपके घुटनों पर बुरा असर पड़ेगा।

लेकिन होता वास्तव में इसके बिल्कुल विपरीत है। दौड़ने से वास्तव में आपके ज्वाइंट्स को समय के साथ खुद को ठीक करने की आदत हो जाती है। अगर आप रोइंग या स्विमिंग भी करते हैं, तो हमें बस ये ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हमें इसके फायदे उठाने के लिए इसे ठीक से करना सीखना चाहिए।

दौड़ने से घुटने के जोड़ों में सूजन कम होती है और यह ऑस्टियोअर्थराइटिस की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। एक शोध में भी यह बात सामने आई है। अमेरिका के यूटा में ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय में व्यायाम विज्ञान के सहायक प्रोफेसर और शोध के सहलेखक मैट सीली ने कहा, ₹यह विचार की लंबी दूरी की दौड़ आपके घुटनों के लिए बुरा है,



एक मिथक हो सकता है।₹

### एक्सरसाइज की कोई सही मात्रा नहीं है

जब तक आप ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिसे डेली वर्कआउट (या सप्ताह में लगभग 4-5 बार) करने की आदत है, तो हो सकता है कि अपनी वीकली वर्कआउट की मात्रा पूरी नहीं कर रहे हों, जो प्रति सप्ताह 150 मिनट है। लिबरमैन के अनुसार, आपको स्वस्थ रहने के लिए हर दिन बहुत ज्यादा एक्सरसाइज की आवश्यकता नहीं है। आप न्यूनतम एक्टिविटी के साथ भी फिट रह सकते हैं।

### एक्सरसाइज का एक परफेक्ट फॉर्म है

एक्सरसाइज का मामला बहुत ही पर्सनल है और एक्सरसाइज की एक तय मात्रा सभी के लिए एकसमान रूप से कार्य नहीं करती है। इसी तरह एक एक्सरसाइज भी सभी के लिए उपयुक्त नहीं है और इसीलिए आपको एक्सरसाइज के प्रकारों के बारे में सावधान रहना चाहिए, और साथ ही एक्सरसाइज की ड्यूरेशन के बारे में भी, जिसे आप अपने लिए चुनते हैं। एक हफ्ते में एक निश्चित मात्रा में एक्सरसाइज अच्छी है (जैसा कि दूसरे पांइट में बताया गया है), पर इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से अलग अलग हो सकती है।



किसी और के लिए जो एक्सरसाइज जबरदस्त काम कर रही है, वह जरूरी नहीं कि आपके लिए भी वैसे ही काम करे। बस आपको एक्टिव रहने का एक तरीका खोजना सुनिश्चित करना चाहिए।

## वैशाख मास आरंभ, दान करने से मिलता है भरपूर पुण्य फल



धर्मग्रंथों में वैशाख मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी बताया गया है। देव आराधना, दान और पुण्य के लिए श्रेष्ठ मास विशेष होता है। वैशाख के महीने में सब तीर्थ आदि देवता (तीर्थ के अतिरिक्त) बहार के जल में भी सदैव स्थित रहते हैं। भगवान विष्णु की आज्ञा से मनुष्यों का कल्याण करने के लिए वे सूर्योदय से लेकर छः दंड के भीतर तक वहां मौजूद रहते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार इस मास में अलग-अलग वस्तुओं के दान से अलग-अलग फल प्राप्त होते हैं।

**जल:** कहते हैं जल ही जीवन है। धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति महात्माओं, थके और प्यासे व्यक्तियों को स्नेह के साथ शीतल जल पिलाता है, उसे उतनी ही मात्रा से दस हजार राजसूय यज्ञों का फल प्राप्त होता है। स्कंद पुराण के अनुसार इस माह में जल दान का सर्वाधिक महत्व है ,जो पुण्य सब दानों से मिलता है और जो फल सब तीर्थों के दर्शन से प्राप्त होता है, उसी पुण्य और फल की प्राप्ति वैशाख मास में सिर्फ जल का दान करने से हो जाती है। यह समस्त दानों से बढ़कर अधिक लाभ पहुंचाने वाला है एवं जल के दान से त्रिदेव की कृपा मिलती है।

**वस्त्र, फल और शर्बत :** जो वैशाख मास में पहनने के लिए कपड़ों का दान करता है वह इसी जन्म में सब सुखों से संपन्न हो जाता है। इसी प्रकार जो इस गर्मी के महीने में फल और शर्बत का दान देता है उससे उसके पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान करते है और दान देने वाले के सारे पाप कट जाते हैं।

## वास्तु अनुसार घर में की-होल्डर रखें, चली आएगी पॉजिटिविटी



घर में चाबियों को सही तरह से रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि, घर में की-होल्डर टांगते समय आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों का ख्याल रखना चाहिए।

वास्तुशास्त्र को दिशाओं का शास्त्र माना जाता है। वास्तु में हर दिशा का अपना एक अलग महत्व माना गया है। दिशाओं की भी अपनी एक अलग एनर्जी होती है और इसलिए अगर उस दिशा व उसकी एनर्जी को समझकर चीजों को सही तरह से और सही जगह पर रखा जाए तो इससे घर में पॉजिटिविटी आती है। आपको हर छोटी से छोटी चीज का ख्याल रखना चाहिए। मसलन, घर में चाबियों को रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। लेकिन घर में की-होल्डर किस दीवार व दिशा पर रखना चाहिए, इसका ख्याल भी आपको होना चाहिए। अगर आप सच में चाहते हैं कि आपके घर में पॉजिटिविटी बनी रहे तो आपको की-होल्डर भी वास्तु के अनुसार टांगना चाहिए। घर में की-होल्डर टांगते समय आपको बस कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखने की जरूरत है, जिसके बारे में आज वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### पश्चिम दिशा में हो की-होल्डर

अगर आप अपने घर में चाबियों को रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उसके लिए पश्चिम दिशा काफी अच्छी मानी जाती है। दरअसल, की-होल्डर में लोहे, पीतल या अन्य धातु की चाबियों को रखा जाता है और लोहे व धातु के लिए पश्चिम दिशा काफी अच्छी रहती है।

## कार्नर न्यूज

## अपना व्यक्तित्व निखारना है तो करें सही दोस्त का चुनाव

# संगत का व्यक्तित्व पर होता है असर, सही दोस्त का चुनाव करना भी बड़ी समझदारी

स्कूल खत्म हो गए हैं, अब आपको अपना करियर बनाने के लिए सही कॉलेज और विषय का चयन करना है। स्कूल में पूरी क्लास ही आपकी दोस्त होती थी, लेकिन अब जॉब या कॉलेज में ऐसा नहीं होने वाला। स्कूल में आपने अक्सर देखा होगा कि अगर आपकी बेस्ट फ्रेंड क्लास में अव्वल आती थी तो सबकी नजर आप पर भी रहती थी कि आप भी वैसी ही होंगी। इसलिए जब भी टेस्ट या एग्जाम में आपके कम नंबर आते थे तो टीचर आपको यही कहती थीं कि 'कुछ उससे ही सीख लो' या उसे कहती थीं कि 'कुछ उसे भी सिखा दो।'

अब आपकी जिंदगी का एक नया सफर शुरू होने वाला है। ऐसे में आपके दोस्तों कैसे हैं, आप किनके साथ उठती-बैठती हैं, इसका आपके व्यक्तित्व पर भी असर पड़ेगा। इसके लिए आपको घर, दोस्तों और बड़ों से नसीहत भी मिलनी शुरू हो गई होगी कि 'फ्रेंड सर्कल अच्छा होना चाहिए, वरना तुम्हारी कोई इज्जत नहीं रह जाएगी।



### कैसे करें सही चुनाव

खुशी गणित में बहुत अच्छी थी, लेकिन उसकी सारी सहेलियां चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहती थीं, इसलिए उसने भी चिकित्सा को चुना, जबकि उसके माता-पिता चाहते थे कि वह इंजीनियरिंग करे। जैसे-जैसे समय बीतता गया, उसे अपनी भूल का अहसास होने लगा। अब उसे अफसोस होता है कि उसने अपने मन के मुताबिक अपनी राह क्यों नहीं चुनी। असल में, आप जिनके साथ अधिक समय बिताती हैं, उनका असर आपके व्यवहार पर जरूर पड़ता है और कभी न कभी वह आपके व्यक्तित्व में भी नजर आने लगता है। अगर आप अच्छे लोगों के साथ रहेंगी तो इससे आपका व्यवहार सुधरेगा। वहीं, गलत संगत आपके व्यवहार को बिगाड़ने के साथ ही लक्ष्य से आपको भटकाने का काम करेगी। यहां भले ही खुशी का साथ अच्छा था, लेकिन दोस्तों के प्रभाव में आकर उसने एक गलत चुनाव कर लिया, जिसका अहसास उसे जिंदगी भर रहेगा।

### जिंदगी भर का साथ

मिसेज शर्मा की बेटी रीना बहुत घुमक्कड़ है। जब देखो इधर-उधर ही घूमती है।" सोसायटी की एक महिला ने कहा। इस पर उसके साथ बैठी दूसरी महिला ने पूछा, "तुम ऐसा क्यों बोल रही हो। मुझे तो ऐसा नहीं लगता?" उसकी बात का जवाब देते हुए पहली महिला ने कहा, "देखा नहीं उसका फ्रेंड सर्कल? सोसाइटी के सारे आवारा बच्चे उसके दोस्त हैं!" असल में, कई बार आपके दोस्तों के व्यवहार के आधार पर लोग आपको जज करने लगते हैं। ऐसे में दोस्ती हमेशा सोच-समझकर करनी चाहिए। जानकार कहते हैं कि अच्छे और सच्चे दोस्त बनाएं, जिससे आपको जिंदगी भर आगे बढ़ने की सीख मिले और दोस्त ऐसे चुनें, जो जिंदगी के हर पड़ाव पर आपका साथ दें। इससे आप पॉजिटिव रहेंगी और महसूस करेंगी कि आपके साथ एक बैकअप सपोर्ट सिस्टम है, यानी एक फ्रेंड बैंक है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वार्नर ब्रदर्स की फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर मनोवैज्ञानिक-थ्रिलर की झलक



वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक इस साल लास वेगास के सिनेमाकॉन में प्रदर्शित किया गया था। ट्रेलर में, हार्टनेट का किरदार और उनकी बेटी जोडी, पॉप स्टार लेडी रेवेन के पॉप कॉन्सर्ट में हैं। जब हार्टनेट बाथरूम की ओर भागता है, तो वह देखता है कि कॉन्सर्ट में भारी पुलिस मौजूद है और उसे तुरंत पता चलता है कि वे एक सीरियल किलर को पकड़ने के लिए वहां आए हैं। मोड़ यह है कि हार्टनेट ही वह हत्यारा है जिसकी वे तलाश कर रहे हैं, और उसके फोन से पता चला है कि उसने एक पीड़ित को बंधक बना रखा है। ट्रेलर का अंत हार्टनेट के पागलपन से खुद पर हंसने के साथ होता है।

'ट्रैप' के ट्रेलर पर इस सप्ताह लॉस एंजिल्स के कार्यक्रम 'द समर ऑफ श्यामलन' में चर्चा की गई थी। 'ट्रैप' में पॉप स्टार की भूमिका निर्देशक की दूसरी बेटी सालेका ने निभाई है, जो एक गायिका और गीत लेखिका हैं। सालेका ने फिल्म के लिए कई गाने भी लिखे हैं। निर्देशक एम. नाइट श्यामलन ने कहा कि 'ट्रैप' बनाने की अपील का एक हिस्सा कहानी को एक अप्रत्याशित व्यक्ति के सुविधाजनक दृष्टिकोण से बताने का विचार था। फिल्म, देशभर के सिनेमाघरों में 9 अगस्त, 2024 को और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1 अगस्त, 2024 को दस्तक देगी।

### टॉलीवुड

## अल्लू अर्जुन की फिल्म ने रिलीज से पहले ही 'फाइटर' के बराबर कर ली कमाई



अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। यह इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार ने अपने साड़ी वाले लुक में एक्शन करके सभी को हैरान कर दिया था। इस टीजर के रिलीज होने के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। ट्रेड जगत में भी यह फिल्म काफी ज्यादा चर्चा में हैं। मेकर्स रिलीज से पहले इस फिल्म के लिए कई बड़ी डील कर रहे हैं। इस साल 15 अगस्त सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही यह फिल्म बड़े पर्दे पर प्रदर्शित होने से पहले ही नए रिकॉर्ड बनाती नजर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े वितरकों में से एक अनिल थडानी ने पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत एए फिल्म्स इस फिल्म को पूरे उत्तर भारतीय क्षेत्र में रिलीज करेगी। बताया जा रहा है कि यह सौदा 200 करोड़ रुपये में हुआ है और पूरी रकम रिफंडेबल है। हिंदी पट्टी के लिए किसी भी दक्षिण भारतीय फिल्म को दी गई यह अब तक की सबसे बड़ी अग्रिम राशि है। कुछ अन्य रिपोर्ट्स में पुष्पा 2: द रूल की शूटिंग की औपचारिकताएं जून में पूरी होने की संभावना जताई गई है। साउथ में भी फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्साह है। फिल्म को बड़े पर्दे पर प्रदर्शित करने के लिए मेकर्स की ओर से बड़ी रकम की मांग की गई है। वहीं, बताया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन और उनकी टीम फिल्म को ब्लॉकबस्टर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए वे पूरे देश में आक्रामक तरीके से फिल्म का प्रचार करने की योजना बना रहे हैं। पुष्पा 2: द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले हुआ है।

### भोजपुरी

## निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म 'संयोग' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी फिल्मों की सुपरहिट जोड़ी यानी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे एक बार फिर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों नई फिल्म 'संयोग' में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म एक अनोखी पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें निरहुआ और आम्रपाली दुबे का अंदाज एकदम चौंका देगा। की कहानी सात समंदर पार की है, और इसलिए फिल्म में विदेशी सरजमीं बैकग्राउंड में शानदार नजर आ रही है। ट्रेलर की शुरुआत निरहुआ से होती है, जो पत्नी के साथ विदेश जाते हैं। इसके बाद वहां पर उनके साथ क्या कुछ होता है, वह देखना काफी दिलचस्प होगा। ट्रेलर में कई हंसी के पल भी हैं, जो इस ओर इशारा करते हैं कि 'संयोग' में जबरदस्त कॉमेडी भी होने वाली है।

'संयोग' का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वो निरहुआ-आम्रपाली दुबे की जोड़ी की तारीफ भी कर रहे हैं। हालांकि कुछ फैंस इस बात से निराश हैं कि अब निरहुआ ऑनस्क्रीन रोमांटिक सीन करने से बच रहे हैं। वो यूट्यूब पर फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद कमेंट भी कर रहे हैं। 'संयोग' को अभय सिन्हा ने प्रोड्यूस किया है।




फ्रेंच कलेक्शन

जाने-माने फैशन हाउस डोल्से एंड गब्बाना का एस्टेट कलेक्शन विशिष्ट और शानदार है। डायमो, यूनो और गार्डो दा विसिनो के कैटवॉक में टॉप की सभी तस्वीरें पेरिस में फैशन शो का हिस्सा थीं। इसे फैंस ने खूब पसंद किया।

## गर्मी में झुलस रही है चेहरे की त्वचा तो इस्तेमाल करें ये फेस पैक


अप्रैल महीने की गर्मी लगातार पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। इस साल अप्रैल के महीने में ही कई जगह का पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है। तेज धूप और धूल की वजह से लोगों ने अपने घरों से निकलना कम कर दिया है। मौसम विभाग का ऐसा कहना है कि आगे आने वाले समय में गर्मी और ज्यादा परेशान करने वाली है।

बढ़ती गर्मी में अपनी सेहत के साथ-साथ त्वचा का भी रखना बेहद जरूरी होता है। अगर ध्यान न रखा जाए तो गर्मी का मौसम पसीना, जलन, मुंहासे और सनबर्न जैसी स्किन से जुड़ी कई समस्याएं पैदा कर सकता है। ऐसे में शरीर की तरह त्वचा को भी इस मौसम में हाइड्रेट रखना जरूरी होता है।

अगर आप भी चाहते हैं कि इस मौसम में आपके सामने त्वचा संबंधी परेशानियां न आएं तो इसमें ये लेख आपकी मदद कर सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू कूलिंग मास्क के बारे में बताएंगे, जो त्वचा को तरोताजा रखने में मदद करेंगे।

### ग्रीन टी और नींबू

इस पैक को बनाना काफी आसान है, इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी को तैयार करें। इसके बाद इसे कुछ देर ऐसे ही रखकर ठंडा करें। ठंडा करने के बाद दो चम्मच चाय में आधा नींबू का रस डालें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर सही से लगाएं। अब 15 मिनट के लिए इसे चेहरे पर लगा लें। ये मास्क आपके चेहरे को तरोताजा बनाने का काम करता है।



### दही और शहद

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में दही निकाल लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद डालकर सही से मिक्स करें। अब इस पैक को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगों। कुछ देर बाद चेहरा धो लें। चेहरे को ठंडक प्रदान करने में ये पैक काफी कारगर है।

### खीरा और एलोवेरा

गर्मी के मौसम में खीरे के सेवन शरीर को काफी लाभ पहुंचाता है। इसका इस्तेमाल चेहरे का ख्याल रखने के लिए भी किया जाता है। इसे तैयार करने के लिए आप सबसे पहले खीरे को ब्लैंड कर लें। इसके बाद इसमें दो बड़े चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इस पैक को चेहरे से लेकर गर्दन तक पर सही से लगाएं। धूप से झुलसी त्वचा को राहत देने में ये मदद करेगा।

### पुदीना और खीरा

मुट्ठी भर ताजे पुदीना के पत्ते लेकर उसे सही से साफ कर लें। इसे और खीरे को साथ में ब्लैंड करने के बाद इसें सही से अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। ये आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करेगा।

## पार्टी वियर लुक के लिए बेस्ट रहेंगे सिल्क सलवार-सूट के फैंसी




सलवार-सूट रोजाना से लेकर किसी भी पार्टी के लिए हम पहनते हैं। इसमें आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। वहीं एवरग्रीन फैशन ट्रेंड की बात करें तो इसमें सबसे ज्यादा सिल्क सलवार-सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

फैंसी लुक पाने के लिए सिल्क सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। तो आइये देखते हैं सिल्क सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप गर्मी के मौसम में भी आसानी से कर सकती हैं स्टाइल। साथ ही, जानेंगे इन सूट को स्टाइल को करने के आसान टिप्स-

### चौड़े घेरे वाले सूट

पाकिस्तानी स्टाइल में सिल्क सूट कैरी करना चाह रही हैं तो इस तरह के सिल्क सूट आप खरीद सकती हैं। इसमें आपको कढ़ाई वर्क वाले काफी हैवी सूट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आप बनारसी, ब्रोकेड, प्लेन, क्रेप, साटन कई तरह के फैब्रिक खरीदकर सूट बनवा सकती हैं। इस तरह के लुक के साथ में आप पैन्ट्स या चूड़ीदार पजामी ही पहनें। चाहे तो दुपट्टे के लिए भी इसी तरह के कपड़े को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।



### फिरन स्टाइल सूट

स्टाइलिश और फैंसी लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह सेफिरन स्टाइल सलवार-सूटको स्टाइल कर सकती हैं। मॉडर्न और कम्फ़र्टेबल महसूस करना चाहती हैं तो इस तरह के लूज स्टाइल और धोती सलवार आप ट्राई जरूर करें। रेडीमेड इस तरीके का सूट आपको मार्केट में 2,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### प्लेन सिल्क सूट

प्लेन सूट देखने में काफी क्लासी लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह का सूट आप क्रेप फैब्रिक को थान से खुद मीटर के हिसाब से खरीदकर बनवा सकते हैं। इस तरह के मोनोक्रोम कलर पैलेट लुक के साथ में आप फैंसी लुक देने के लिए आप नेट के वर्क वाले दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं। लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप एंकल लेंथ पैन्ट्स बनवा सकती हैं।


## डोरी वाले ब्लाउज के ये डिजाइंस साड़ी लुक में डालेंगे जान

ब्लाउज को साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ में पहना जा सकता है। वहीं स्टाइलिश लुक पाने के लिए ब्लाउज को हम टेलर की मदद से कई तरह से कस्टमाइज करवाते हैं। वहीं आजकल आपको ब्लाउज के रेडीमेड डिजाइन भी आसानी से मिल जाएंगे।

आमतौर पर साड़ी के साथ कई तरीके के डिजाइन वाले ब्लाउज को पहना जा सकता है, लेकिन आजकल डोरी वाले ब्लाउज काफी पसंद किए जा रहे हैं। तो आइये देखते हैं डोरी वाले ब्लाउज के खास डिजाइंस जिन्हें आप साड़ी के साथ कर सकती हैं ट्राई। साथ ही, बताएंगे अपने साड़ी लुक को मॉडर्न और स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

### जिग-जैग डिजाइन डोरी ब्लाउज

जिग-जैग स्टाइल एवरग्रीन फैशन में रहता है। वहीं इसके लिए आप ब्लाउज के अंदर ब्रा को न ही पहनें। ब्रा की जगह आप ब्लाउज में कप्स को लगवा सकती हैं या निप्पल कवर को भी ट्राई कर सकती हैं। ब्रेस्ट साइज हैवी है तो बूब टेप भी काफी काफी मदद कर सकती है।



### बैकलेस डोरी ब्लाउज

बैकलेस ब्लाउज कैरी कर रही हैं और डीप नेक होने के कारण कंधे बार-बार गिरने लगते हैं, तो इस तरह से आप डोरी लगवाकर ब्लाउज के गिरते कंधे को सपोर्ट कर सकती हैं। इसके लिए आप 2 से 3 जगह बैक में डोरी को लगवाएं।

## गोल्डन कलर के साथ खूब जचेंगी लाल-हरे रंग की ये चूड़ियां, कलाइयों को मिलेगा फैंसी लुक

स्टाइलिश दिखने के लिए हम आउटफिट से लेकर ज्वेलरी तक के डिजाइन को चुनने के लिए कलर कंट्रास्ट का खास ख्याल रखते हैं। हाथों की बात करें तो ट्रेडिशनल लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए हम चूड़ी पहनते हैं।हर लुक को खास बनाने के लिए हम स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करना पसंद करते हैं। वहीं कई कलर्स ऐसे भी हैं जो लगभग हर तरह के कपड़ों के साथ में बेस्ट लुक देने का काम करते हैं। हम बात कर रहे हैं गोल्डन कलर की। तो आइये देखते हैं गोल्डन कलर की चूड़ियों के नए सेट। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-



### हरे रंग के साथ में गोल्डन चूड़ियां

हरे रंग की चूड़ियों को पहनना शुभ माना जाता है। इसमें आपको मैट, थ्रेड वर्क, शिमर वाली में कई डिजाइन की पतली चूड़ियां मिल जाएंगी। इन चूड़ियों को आप गोल्डन कलर की पतली और मीडियम साइज की चूड़ी और साथ में गोल्डन चौड़े कंगन के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आपको नाग वाले डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे।

### लाल रंग के साथ में गोल्डन चूड़ी सेट


लाल रंग लगभग हर तरह के कपड़ों के साथ में पहना जा सकता है। वहीं इस कलर फैमिली में आपको कई ब्राइट, वार्म, मैरून, डार्क, डीप कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। इस तरह में आप प्लेन कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं। वहीं किसी पार्टी में जा रही हैं तो फैंसी लुक पाने के लिए वेलवेट के डिजाइन वाली चूड़ियों का सेट बनाकर पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट जरूरी बातें समझ लीजिए

## बालो को संवारना है तो इस्तेमाल करें कंडीशनर लेकिन सोच-समझ कर

*हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए।*



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं। इसके साथ बालों के रूखा होने की वजह सॉल्ट वाटर, क्लोरीन और सूरज की रोशनी भी होती है। मौसम का फर्क भी बालों पर साफ़ नजर आता है। अगर आप ड्राई मौसम में रहते हैं तो बाल नेचुरली ही ड्राई हो जाएंगे।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा- सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं। इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें। बालों पर कंडीशनर को करीब 3 मिनट तक रहने दें। आपको हर शैंपू वॉश के बाद कंडीशनर लगाने की जरूरत नहीं है।

